MPHIN/2021/83938



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 184 | ग्वालियर, 14 मार्च गुरुवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## सीएम डॉ मोहन यादव ने जनता के सामने रखा 90 दिनों का रिपोर्ट कार्ड, कांग्रेस ने किया तीखा हमला

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को कार्यभार संभाले 3 महीने का वक्त बीत चुका है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 90 दिन की अपनी उपलब्धि बताते हुए जनता के बीच संक्षिप्त रिपोर्ट कार्ड रख दिया है. दूसरी तरफ कांग्रेस मध्य प्रदेश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अनियंत्रित अपराध को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है.लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है. ऐसे में प्रदेश की सरकार अपनी उपलब्धियों के माध्यम से मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है. दूसरी तरफ कांग्रेस प्रदेश सरकार पर हमला बोलकर विपक्ष की भूमिका में आ चुकी है. कांग्रेस के नेताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्याओं को बात कर नई सरकार के कार्यकाल को विफल बताने की कोशिश की जा रही है.



**रिपोर्ट कार्ड में रखें ये बातें**-मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने 90 दिन का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखा है. बीजेपी सरकार ने अपनी रिपोर्ट कार्ड में सुशासन की पहचान, गरीब व कमजोर वर्ग का कल्याण, किसान कल्याण, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, नारी एवं युवा सशक्तिकरण, आधुनिक संरचना, बढ़ता विकास, औद्योगिक निवेश, संस्कृति विकास, रोजगार के अवसर आदि बिंदुओं को सम्मिलित किया है.बढ़ते अपराध और बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा- कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता केके मिश्रा के मुताबिक मध्य प्रदेश में बढ़ते अपराध और बेरोजगारी का मुद्दा सबसे बड़ा है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी अपराधों को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है. इंदौर में छात्र की हत्या का उदाहरण देते हुए प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से जवाब मांगा है.

## कांग्रेस के साथ 35 साल का सफर खत्म, बीजेपी में शामिल हुए 3 बार के पूर्व विधायक

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. कानपुर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तीन बार के विधायक रहे अजय कपूर ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है. बीजेपी में शामिल होने के बाद अजय कपूर ने कहा कि आज का दिन पुनर्जन्म की तरह, देश के प्रधानमंत्री मोदी के परिवार में शामिल होकर अभिभूत हूं . बीजेपी में शामिल होने के बाद अजय कपूर का कांग्रेस के साथ 35 साल का सफर खत्म हो गया है.बिहार बीजेपी के प्रभारी विनोद



तावड़े ने बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी अजय कपूर को शामिल करवाया. उन्होंने कहा ये एक जोड़ एक ग्यारह हो गया!बीजेपी में शामिल होने से पहले अजय कपूर ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेजा. उन्होंने लिखा- निवेदन है कि मैं लगातार 35 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की निरंतर निस्वार्थ भाव से सेवा करता आ रहा हूं. अब मैं अपने पद एवं पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं. आप से अनुरोध है कि आप मेरे इस्तीफे को स्वीकार करने की कृपा करें.

### रामपुर पर कांग्रेस-सपा कर रहे अपना-अपना दावा, आजम के गढ़ में पेंच सुलझा पाएगा विपक्ष?

उत्तर प्रदेश की रामपुर लोकसभा सीट को सियासत की धुरी माना जाता है. कभी आजम खां का दुर्ग कहे जाने वाली इस सीट परउपचुनाव में कब्जा कर लिया है. इस सीट पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम हैं. यहां से 12 बार मुस्लिम चेहरे नुमाइंदगी कर चुके हैं.2019 में इस सीट से सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां चुनाव जीते थे. लेकिन, सजा होने पर उनकी सदस्यता चली गई थी. 2022 के उपचुनाव मेंउनसे यह सीट छीन ली थी. अब यहां से घनश्याम लोधी सांसद हैं. क्ष्क्ष्कने उन्हें दोबारा उम्मीदवार बनाया है. सपा-कांग्रेस गठबंधन ने यहां से अभी तक कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है.राजनीतिक जानकार बताते हैं कि रामपुर लोकसभा सीट पर 1952 में पहली बार मौलाना अबुल कलाम आजाद सांसद बने थे. वह देश के पहले शिक्षा मंत्री भी बने थे. अब तक रामपुर लोकसभा सीट पर 18 चुनाव हुए हैं, जिसमें कांग्रेस ने सर्वाधिक 10 बार जीत दर्ज की है.

## जयंत चौधरी को मायावती ने दी नई चुनौती, इस दांव से चौंकाया, बड़ी सेंध लगाने की तैयारी

पश्चिमी यूपी में बसपा सुप्रीमो ने आरएलडी सुप्रीमो जयंत चौधरी को चुनौती दे डाली है. जिस सीट से मायावती पहली बार लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंची उस सीट से जाट प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया है. हाथी की इस नई चाल ने पश्चिमी यूपी का सियासी तापमान बढ़ा दिया है. दो दिन पहले ही लोकदल छोड़कर आए चौधरी बिजेंद्र सिंह को बिजनौर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाकर मायावती ने नए समीकरण बनाने के संकेत दे दिए हैं.बिजनौर के सियासी समीकरण पर एबीपी लाइव ने जो खबर दी थी उस पर मायावती में मुहर लगा दी. हमने खबर दी थी कि चौधरी बिजेंद्र सिंह को मायावती बिजनौर लोकसभा से चुनाव मैदान में उतारेंगी. ऐसा करके मायावती बीजेपी और आरएलडी की टेंशन बढ़ाएंगी. आखिरकार हमारी खबर सटीक निकली और बसपा सुप्रीमो ने चौधरी बिजेंद्र सिंह का नाम ही फाइनल कर दिया.

**जाट कार्ड है मायावती का बड़ा दांव**-बसपा सुप्रीमो मायावती राजनीति की मंझी



हुई खिलाड़ी मानी जाती हैं. बिजनौर लोकसभा सीट पर मायावती ने जाट कार्ड खेलकर सबको चौंका दिया है. चौधरी बिजेंद्र सिंह को बिजनौर से प्रत्याशी बनाकर बसपा सुप्रीमो ने मुस्लिम, दलित और पिछड़ों का समीकरण बनाने का प्रयास किया है.सबसे बड़ी बात ये है कि जयंत चौधरी ने गुर्जर चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाकर जो समीकरण बनाया था मायावती ने जाट कार्ड खेलकर उस समीकरण में सेंध लगाने की कोशिश की. बसपा के इस कदम से जयंत चौधरी भी टेंशन में आ गए हैं और बीजेपी भी, क्योंकि यहां आरएलडी और बीजेपी ने चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाया है और मायावती ने जयंत के चंदन की घेराबंदी शुरू कर दी है.बात 1989 की है, जब मायावती बिजनौर लोकसभा से चुनाव जीतकर पहली बार संसद पहुंची थी. इस बार मायावती ने यहां से जाट कार्ड खेला. इसके सहारे मायावती जाटों में सेंध लगाने का भी प्रयास कर रही हैं कि जहां से वो पहली बार सांसद बनी उस सीट पर इस बार जाट प्रत्याशी चौधरी बिजेंद्र सिंह को उतारा है. पश्चिमी यूपी में मुस्लिम, दलित और पिछड़ों को साधकर बहनजी बड़ा संदेश देना चाहती हैं. मायावती के इस कदम को जयंत चौधरी को चुनौती देने के तौर पर भी देखा जा रहा है.

**शमसुद्दीन राइन ने की घोषणा**-बिजनौर लोकसभा के एक बैंक्वेट हॉल में बसपा का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया था, जिसमें पश्चिमी यूपी प्रभारी शमसुद्दीन राइन पहुंचे थे. जिन्होंने चौधरी बिजेंद्र सिंह को प्रत्याशी घोषित कर दिया. शमसुद्दीन राइन ने कहा जहां से बहनजी पहली बार सांसद बनी वहां से चौधरी बिजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाकर बहनजी ने बड़ा संदेश दिया है और इस सीट की रखवाली की जिम्मेदारी चौधरी बिजेंद्र सिंह को दी है. बस आप चुनाव जिता देना. इस मौके पर मुरादाबाद मंडल प्रभारी और नगीना सांसद गिरीश चंद्र भी मौजूद रहे.बिजनौर लोकसभा सीट से बसपा के प्रत्याशी घोषित किए गए चौधरी बिजेंद्र सिंह का कहना है कि बहनजी का अहसान नहीं उतार पाऊंगा. मुझ जैसे छोटे से इंसान को टिकट देकर बहनजी ने जो उपकार किया उसका हमेशा ऋणी रहूंगा. सबको साथ लेकर चलूंगा और जनता के प्यार और विश्वास के भरोसे पर चुनाव जीतूंगा. मैं नेता नहीं बेटा बनकर रहूंगा

## रायसेन सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, सीएम मोहन यादव ने किया 4-4 लाख मुआवजे का ऐलान

मध्य प्रदेश के रायसेन में तेज रफ्तार ट्रॉले ने बारातियों को कुचल दिया. इस हादसे में छह लोगों की जान चली गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. वहीं इस हादसे पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दुख जताया है. साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख मुआवजा देने का भी ऐलान किया है. इसके अलावा घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की गई है. वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग देर रात भोपाल एम्स में भर्ती गंभीर घायलों का हाल-चाल जानने पहुंचे. अस्पताल पहुंचने के बाद मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि एम्स रेफर किये गये पांच घायलों में से तीन की हालत खतरे से बाहर है. वहीं एक को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है. एम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम घायलों की स्थिति को लगातार मॉनिटर कर रही है. दुर्भाग्यवश अति गंभीर रूप से घायल एक नागरिक को नहीं बचाया जा सका. बता दें कि 12 टायर वाले ट्रॉले ने सड़क पर बारात के लगभग दो दर्जन लोगों को कुचल डाला. घटना से इलाके में कोहराम मच गया. रायसेन एसपी से मिली जानकारी के अनुसार घटना रात साढ़े नौ बजे की है, जब भोपाल की ओर से जबलपुर की ओर जा रहे एनएच 45 पर नर्मदापुरम जिले के बाबई से आई एक बारात को राजस्थान के ट्रॉले ने कुचल दिया.वहीं इस हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है. घटनास्थल पर पांच लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा लोगों को सुल्तानपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां से सात गंभीर घायलों को एम्स भोपाल ओर छह को जिला अस्पताल रायसेन भेजा गया. इनमें से एम्स ले जाने के दौरान एक कि ओर मौत हो गई.



STORME SMART SOLUTIONS



अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ

कमायें 5000 रु. प्रति माह

अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ

5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139

Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram

Gwalior, Madhya Pradesh 474020

Website : www.stormesmartsolutions.com

# नॉर्दर्न एच आर फॉर्म क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल आज



दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

मालनपुर नॉर्दर्न एच आर फॉर्म क्रिकेट टूर्नामेंट जो की मालनपुर की सूर्या रोशनी और सी जी पावर एवं विक्रांत यूनिवर्सिटी मैदानो पर खेला जा रहा है जिसमें 16 टीम में भाग लिया था मगर आठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलने के लिए पहुंची जिसमें (मॉडलेज) कैडबरी, टेवा, गोदरेज, अठानी, सूर्या, रोशनी, एस आर एफ, जेके टायर, सी जी पावर, टीम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल खेलेगी यह जानकारी टूर्नामेंट संयोजक भगवान सिंह बेस द्वारा दी गई है उन्होंने कहा कि आज सूर्या रोशनी के मैदान पर पहला क्वार्टर फाइनल मैच एस आर एफ एवं सीजी पावर के मध्य सुबह 9:30 बजे खेला जाएगा, जबकि दोपहर 1:30 बजे का दूसरा क्वार्टर फाइनल जेके इंडस्टरीज एवं सूर्या रोशनी के मध्य खेला जाएगा सीजी पावर के ग्राउंड पर सुबह 9:30 बजे पहला क्वार्टर फाइनल मॉडलेज (कैडबरी) एवं अडानी पी एल आर के मध्य तथा दूसरा क्वार्टर फाइनल दोपहर 1:30 बजे गोदरेज एवं टेवा एपी आई के मध्य खेला जाएगा

# चम्बल प्रदेश गठन से परिवर्तन आयेगा : नरसिंह कुमार चौबे

दैनिक पुष्पांजली टुडे

## चम्बलांचल में विकास की गारन्टी होगी

**भिण्ड ।** राष्ट्रीय हनुमान सेना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथक चम्बल प्रदेश गठन की मांग के संयोजक नरसिंह कुमार चौबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पृथक चम्बल प्रदेश गठन की मांग के समर्थन में चम्बल जल यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा धार्मिक और जनकल्याणकारी होगी। पृथक चम्बल प्रदेश गठन से चम्बलांचल में परिवर्तन आयेगा। चम्बल जल यात्रा के माध्यम से चम्बलांचल की समस्या एवं निदान के मुख्य बिन्दुओं से जनता को अवगत कराया जावेगा। चम्बल जल यात्रा कोटा (राजस्थान) से शुभारम्भ होकर बारा, झालाबाड़, धौलपुर होते हुए श्योपुर, मुरैना, भिण्ड (म.प्र.) की सीमा में प्रवेश करेगी। उसके बाद आगरा, वाह (उ.प्र.) पहुंचेगी जहां से इटावा, औरैया होते हुए चम्बल जल यात्रा पचनदा जल संगम धाम में पहुंचने पर धार्मिक जनकल्याणकारी आयोजन किये जावेंगे।श्री चौबे ने यह विचार चम्बल प्रदेश गठन की मांग के समर्थन में चम्बल जल यात्रा की तैयारियों के दौरान जिला इटावा (उ.प्र.) की सीमा में चम्बल नदी के तीर में बसे दूर-दराज के ग्रामों में पहुंचने पर जनता और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किये।

श्री चौबे ने कहा कि चम्बल अंचल के किसान वर्षा के पानी पर निर्भर हैं, जबकि यहां पांच नदियों का जल संगम क्वारी, चम्बल, यमुना, सिंध पहुज पांच-पांच नदियों के संगम स्थल पर पचनदा बांध की परियोजना 25 अक्टूबर 1983 में बनाई गई थी। केन्द्र सरकार से इस योजना के लिए करोड़ों रूपये का बजट आता रहा, लेकिन पचनदा बाँध परियोजना पर आज तक काम शुरू नहीं हो सका। अगर पचनदा बांध का निर्माण हो जाता तो चम्बल अंचल में भूमि कटाव कम होता। भूजल स्तर कम नहीं होता और सिंचाई, बिजली समस्या का समाधान भी हो जाता । चम्बल अंचल में प्रमुख पांच नदियों का संगम होने के बावजूद यहां के किसान वर्षा पर निर्भर हैं और कर्ज में डूबे हुए हैं।उन्होंने कहा कि चम्बल अंचल की समस्या और निदान के मुख्य बिन्दुओं के आधार पर राष्ट्रीय हनुमान सेना पार्टी मुख्य बिन्दुओं के आधार पर 27 दिसम्बर 1999 से पृथक चम्बल प्रदेश गठन की मांग लगातार की जा रही है जिसमें उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान के सीमावर्ती अंतिम छोर पर 22 जिलों को मिलाकर पृथक चम्बल प्रदेश की योजना तैयार की गई है, जिसमें उत्तरप्रदेश से आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी और ललितपुर। मध्यप्रदेश से गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर और भिण्ड। राजस्थान से धौलपुर, करौली, सवाई माधौपुर, कोटा, बारा, झालावाड़ को शामिल किया गया है। चौबे ने कहा कि पृथक चम्बल प्रदेश गठन का अधिकार केन्द्र सरकार को है, राज्यों को नहीं। पृथक प्रदेश गठन निवेदक से चम्बालचंल में परिवर्तन आयेगा और विकास की गारन्टी होगी।




# मुख्यमंत्री डॉ. यादव 14 मार्च को क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन का डिजिटल शुभारंभ करेंगे

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

## 557 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का होगा लोकार्पण

### कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर लिया तैयारियों का जायजा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 मार्च को दोपहर 01 बजे पीजी कॉलेज खरगोन में आयोजित कार्यक्रम में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय के कैम्पस का डिजिटल शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही वे खरगोन जिले की 557 करोड़ 47 लाख रुपए के लागत की 03 उद्वहन सिंचाई योजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने आज 13 मार्च को पीजी कॉलेज पहुंचकर अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़, एसडीएम श्री भास्कर गाचले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मण्डलोई, पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री प्रशांत आर्य, आबकारी अधिकारी श्री अभिषेक तिवारी, शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री उमेश जोशी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने पीजी कॉलेज में 14 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खरगोन में विश्वविद्यालय प्रारंभ होने से इसमें नये-नये कोर्स एवं अनुसंधान के कार्य प्रारंभ होंगे। जिससे इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए इंदौर एवं अन्य बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। विश्वविद्यालय के खुलने से खरगोन जिले में शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर भी पैदा होंगे। यह विश्वविद्यालय छात्रों के समग्र विकास के लिए विश्व स्तरीय अधोसंरचना प्रदान करेगा।

# धूलकोट में आयुष पद्धति 65 रोगियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ वासुदेव आसलकर के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय धूलकोट द्वारा ग्राम पंचायत भवन धूलकोट में निशुल्क आयुर्वेद रोग निदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में ज्वर, कास, चर्म, आमवात, संधिवात, स्त्री रोग आदि रोगियों को उपचार किया गया। शिविर में ग्रामीणों को ऋतु अनुसार आहार, विहार एवं आयुर्वेद दिनचर्या का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बडोले, गोविंद डाबर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कविता ठाकुर, दवासाज संतोष मंडलोई, सरपंच श्री सालकराम किराडे का सहयोग रहा।



# उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा 15 मार्च को भिण्ड आएंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पार्टी देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बताया कि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्वालियर से 15 मार्च को सुबह 10 बजे गोहद विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद मौ 10:45 बजे पहुंचेंगे जहां नगर में घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से मतदाताओं के बीच जनसंपर्क करेंगे। उपमुख्यमंत्री देवड़ा मौ से 11:25 बजे मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में 11:40 बजे पहुंचेंगे जहां रामदास महाराज जी से आशीर्वाद लेते हुए डॉक्टर श्री हनुमान जी के दर्शन एवं मंदिर परिषद का अवलोकन भी करेंगे। श्री नरवरिया ने बताया की उपमुख्यमंत्री देवड़ा 12:30 बजे से 1 बजे मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के अमायन मैं 1 बजे से 1:30 बजे तक भोजन एवं एनजीओ एवं प्रकोष्ठों के साथ बैठक करेंगे और वही उनसे के वार्तालाप करेंगे।श्री नरवरिया ने बताया कि उपमुख्यमंत्री देवड़ा अमाबजेसे प्रस्थान जिला मुख्यालय भिण्ड 1:30 बजे से 2 बजे पहुंचेंगे। जहां सर्किट हाउस पर 3 बजे प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से रूबरू होंगे। भिण्ड से विधानसभा क्षेत्र मेहगांव शाम 4 बजे पहुंचेंगे जहां 5 बजे लाभार्थी/नारी शक्ति बंधन संपर्क के कार्यक्रम में भाग लेंगे।



# मुख्यमंत्री के नाम प्रदेश के पर्यवेक्षकों,परियोजना अधिकारियों, जिला कार्यक्रम अधिकारियों को तीन माह से वेतन न मिलने के सम्बंध में ज्ञापन सौपा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रदेश के पर्यवेक्षकों, परियोजना अधिकारियो, जिला कार्यकम अधिकारियों का माह दिसंबर 2023, जनवरी 2024 एवं फरवरी 2024 का वेतन भुगतान नहीं हुआ है। जिससे सभी अधिकारी/कर्मचारियों को बेहद आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। महोदय, अनेक अधिकारी/कर्मचारियों की लोंगों की ईएमआई मासिक किस्त, दवाई खर्च, बच्चों की परीक्षा एवं ट्यूशन फीस, दैनिक कार्यों का खर्च बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिससे मानसिक तनाव के कारण शासकीय कार्य भी प्रवावित हो रहा है। इस संबंध में करीब एक माह पूर्व संचालनालय से संपर्क करने पर बताया गया था कि बजट हेड की मैंपिंग परिवर्तित होने से विलंब हो रहा है।दिनांक 27/02/2024 को राज्यमंत्री परिषद द्वारा दूसरे हेड से आहरण की अनुमति दे दी है। लेकिन आज तक भुगतान नहीं हो पाया है। वेतन एवं मानदेय प्राप्त न होने से प्रदेश के पूरे क्षेत्रीय अमले को गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है एवं विभाग की छवि पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।प्रदर्शन कारियो ने मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन पत्र सौपा।महिला बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अमले पर्यवेक्षकों,परियोजना अधिकारियो, जिला कार्यकम अधिकारियों का माह दिसंबर 2023, जनवरी 2024 एवं फरवरी 24 का वेतन भुगतान कराने की मांग की है।ज्ञापन देने में वीना मिश्रा,सरोज सोनी,रीता कुशवाह,गायत्री कुशवाह,राखी चौधरी,अरुणा परमार,रेनू चतुर्वेदी,अंजली भदौरिया,दीपा कुमारी,अरुणा मार्य,माती कुशवाहा,सीमा शाक्य,सीमा जादौन,ऋचा कुशवाहभावना नौरोजी सहित सैकड़ों पर्यवेक्षक उपस्थित रही।

# बीच बाजार में खुले में बिक रहा मीट,सीएम के आदेश का नही हो रहा पालन



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह-बोह नगर में बीच बाजार में खुले आम मीट का बिक्री कर नियमो का पालन न करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।आपको बता दें कि मीट की यह दुकानें पुलिस कालोनी के सामने ही संचालित की जा रही हैं फिर भी स्थानीय पुलिस प्रशासन व नगरीय प्रशासन इनसे नियमो का पालन नही करा पा रहा है।यहां बता दें कि बीते माह सीएम डॉ.मोहन यादव ने अपने साफ शब्दों में कहा था कि खुले में मांस कि अंडा नही बिकेगा।आगे से दुकानों को पूरी तरह ढांककर रखें।उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति में यदि कोई भी दुकानदार तय मापदंडों का पालन नही करेंगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।आपको बता दें कि यह मीट की दुकानें मुख्य बाजार में स्तिथ है जिसकी वजह से रोजाना मुख्य मार्ग पर लोगो को बड़ी समस्या आती है क्योकि कि यह लोग खुले में मीट बेचते हैं जिससे बाजार में इसकी गन्दी महक फैलती है जिस वजह आस पड़ोस के दुकानदारों को भी समस्या का सामना करना पड़ता है।



**रात होते ही आम रास्ते पर फेंक देते हैं वेस्टेज,लोगो को आ रही समस्या**–नगर में संचालित होने बाली मीट शॉप,अंडा व बिरयानी ठेला रात होते ही बीच सड़क पर अपना वेस्टेज फेंक देते हैं जिसकी वजह से सड़क पर निकलने वाले लोगो को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।वहीं स्थानीय थाना पुलिस व नगरीय प्रशासन नियमो का पालन नही करा पा रहा है जिससे सीएम के नियमो की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

**पहले भी कर चुके शिकायत पर नही हुई कोई कार्यवाही**–वहीं आपको बता दें कि बीते कुछ माह पहले भी आस पड़ोस के दुकानदार मुख्य बाजार में संचालित मीट,अंडे व बिरयानी की दुकानो को लेकर नगर परिषद में एक शिकायती आवेदन दे चुके हैं परंतु कार्यवाही कुछ न हुई।जिससे यह कहना लाजमी है कि या तो प्रशासन कार्यवाही करने से डर रहा है या फिर वह स्वयं के संरक्षण में यह व्यापार खुले में चलवा रहे हैं।

**इनका कहना–**

आपके द्वारा जानकारी मिली है,दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए नियमो का पालन करने को कहा जायेगा,अगर ऐसा नही करते हैं तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी

**रमाशंकर शर्मा**
**नायाब तहसीलदार दबोह**

# मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान से अब देश में होगी सीहोर की पहचान- केंद्रीय मंत्री - केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार





## 105 करोड से अधिक की लागत से संस्थान के भवन का निर्माण

## संस्थान परिसर 25 एकड़ का तथा 12 एकड़ में संस्थान का भवन निर्माण

**रघुवर दयाल गोहिया**

सीहोर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान के निर्माण से अब सीहोर की पहचान प्रदेश के साथ पूरे देश में होगी। देश भर से दिव्यांगजन सीहोर के इस संस्थान से लाभान्वित होंगे। यह बात केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान के नवनिर्मित भवन के उदघाटन अवसर पर कही।केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के साथ निरंतर प्रयास कर इस दिशा में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा भी अनेक प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं और दिव्यांगजनो प्रेम और स्नेह की आवश्यकता है और इस संस्थान में पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके स्वास्थ्य और संवार्गी विकास के लिए काम किया जाएगा और हम सब मिलकर एक सफल समावेशी राष्ट निर्माण की दिशा में कार्य करें और दिव्यांगों के अधिकारों को सुनिश्चित करें।

बेहद धीमी गति से चला निर्माण कार्य
वीरेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान के निर्माण में कुछ समय का विलम्ब हुआ है पर पुनर्वास संस्थान बनकर अब पूर्ण तैयार हो गया है। इसके निर्माण की गति बहुत धीमी होन से एजेन्सी को एक बार बदल गया उसके बाद दूसरी भी बार बदल गया। इसके बाद तीनों ब्लॉक का अलग-अलग एजेंसियों के द्वारा निर्माण कार्य कराया गया है। इसके लिए मैं लगातार समीक्षा बैठक लेता रहा और दिल्ली बुलाकर भी समीक्षा की गई। इस संस्थान के निर्माण में राज्य सरकार के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान के लिए बेहतर लोकेशन पर भूमि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास संस्थान के नए भवन में सभी ब्लॉकों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है और जो ब्लाक शेष रह गये है वे भी अप्रैल तक पूरा हो जाएंगे। आने वाले समय में इस इस परिसर में दो और हॉस्टल का निर्माण किया जाना है।

**समय समय पर निरीक्षण किया जाय**–केंद्रीय मंत्री ने राज्य शासन के मंत्री, विधायक, और जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे समय- समय इस संस्थान का निरीक्षण करते रहें ताकि दिव्यांगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकें और संस्थान के माध्यम से दी जाने वाली फीडबैक प्राप्त होती हो सके।देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी दिव्यांगजनों के प्रति अतिसंवेदनशील है। इससे पहले दिव्यांगों के लिए सात प्रकार के श्रेणी निर्धारित थी। लेकिन अब वर्ष- 2016 से अधिनियम पारित होने के बाद 21 प्रकार की श्रेणियां दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित की गई है। सामाजिक मान्यता मंत्रालय राज्य सरकार के सहयोग से दिव्यांग जनों की सेवा देने के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अपने विभिन्न जोनों की गतिविधियों का संचालन किया जा रहा हे।



**इस तरह हुआ निर्माण**–सीहोर में अक्टूबर 2018 में एक स्थाई भवन के निर्माण का प्रस्ताव पारित हुआ था। उसके बाद से लगातार काम को आगे बड़ाया गया। यहां पर पुनर्वास संस्थान 25 एकड़ में फैला हुआ है और उसमें से लगभग 12 एकड़ में संस्थान के भवन का निर्माण हुआ है। जिसमें लगभग 105.68 करोड रुपए की लागत आई है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान के लिए शीध्र ही 6 करोड़ के उपकरण खरीदे जा रहे हैं। फर्नीचर भी शीघ्र ही उपलब्ध होगा। इस नवीन परिसर में 50 कमरे जिसमें कक्षाएं, पुस्तकालय, प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के कमरे, प्रशासनिक कर्मचारी और निर्देशक कक्ष शामिल हैं। संस्थान में नेचरोथेरेपी, फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, एमआरआई, सीटी स्कैन, रेडियोलॉजी रूम की सेवइएं प्रदान की जाएगी।

**मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास केन्द्र सीहोर के लिए बड़ी सौगात है**–प्रदेश के समाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री श्री नारायाण कुशवाह ने कहा कि प्रधानीमंत्री श्री नरेद्र मोदी की राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास सस्थान के रूप में सीहोर को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश और देश तेजी से विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री समाज में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाने तथा उनको सशक्त बनाने के लिए निरन्तर काम कर रहे हैं।

# श्री गोपाल गौशाला में गौ महोत्सव धूम-धाम से मनाया



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

हैदराबाद; इब्राहिमपटनम स्थित श्री गोपाल गौशाला में अमावस्या के मौके पर भव्य गौ महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री गोपाल गौशाला ट्रस्ट के चेयर मैन तुलसीराम बंसल ने बताया इस मौके पर कार्यक्रम का आगाज गौ पूजन के साथ हुआ। जिसके बाद भजन कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। जिसमें हजारों की तादाद में लोगों ने शिरकत की और प्रसादी का लाभ उठाया। इस भव्य कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार सरूरनगर से सीरवी समाज के पूर्व सचिव हिरालाल सैणचा और अशोक लचेटा, देवी इलेक्ट्रिकल्स सरूरनगर बीएन रेड्डी नगर से वर्तमान उपाध्यक्ष भाणाराम वरपा, भूराराम वरपा, नादगुल से नवीन इलेक्ट्रीकल्स हार्डवेयर के नत्थाराम सोलंकी, सरूरनगर सेअमराराम देवासी, करनमनघाट से पूर्व अध्यक्ष हंसाराम,मनाराम आगलेचा, इब्राहिमपट्टनम से राजुराम सेपटा,अलमासगुड़ा से पूर्व मिडीया प्रभारी अमराराम सिन्दड़ा और तेजाराम देवड़ा, साईदाबाद से चुन्नीलाल चोयल, मंगनूर से नत्थाराम भायल,बड़गपेट बालापुर से दिलीप आगलेचा और सरूरनगर के मेघाराम कारपेंटर की और आयोजित गया। कार्यक्रम में पधारे शमशाबाद वडेर के अध्यक्ष आशाराम गेहलोत, सचिव भोलाराम पंवार, दिलीप पंसारी, अर्जुन कुमार गोयल, महावीर प्रसाद अग्रवाल,सतवीर गर्ग,विनोद गर्ग, राजुराम सेपटा, रमेशकाबरा, मुकेश सैनी, सुनील सिंघल, सरोज सिंघल,सुरेश गौंयल,एकता सैनी, कल्पना सिंह, चैतालीझाडे और खुशी पांड्यान सहित भाग्यनगर से हजारों की तादाद में गौभक्तों ने शिरकत की।

# भारतीय जनता पार्टी के 10 दिवसीय बूथ विजय अभियान एवं विकसित भारत संकल्प पत्र निर्माण को लेकर पत्रकार-वार्ता सम्पन्न....

### 10 दिनों तक बूथ पर 02 घंटे बिताएंगे मंत्री, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता

### 10 फीसदी वोट बढ़ाने का लक्ष्य लेकर बूथों पर पहुंचेंगे 41 लाख कार्यकर्ता

### हर बूथ पर 370 प्लस वोट बढ़ाकर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देंगे कार्यकर्ता-डॉ योगेशपाल गुप्ता

### नमो एप्प,मिस्ड कॉल,लिखित में दे सकते है सुझाव

मुरैना । श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी के जन्म शताब्दी वर्ष से लेकर बीते दो वर्षों में संगठन के विस्तार और पार्टी का जनाधार बढाने के लिए लगातार बूथ सशक्तीकरण का काम किया गया है। पार्टी के इन्हीं प्रयासों की अगली कढी है-बूथ विजय अभियान, जो 13 मार्च से शुरू हो रहा है और 22 मार्च तक चलेगा। इस बार पार्टी नेतृत्व ने पिछले चुनाव के मुकाबले 10 प्रतिशत वोट बढाने का लक्ष्य तय किया है। पार्टी के सभी 41 लाख सक्रिय कार्यकर्ता मुख्यमंत्री, मंत्री, पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अभियान के दस दिनों में बूथों पर पहुंचकर दो घंटे बिताएंगे तथा हर बूथ को 'मोदी बूथ' बनाते हुए पार्टी का वोट शेयर 10 प्रतिशत बढाने तथा 370 नए वोट हासिल करने की तैयारी करेंगे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता एवं जिला महामंत्री एवं बूथ विजय अभियान अरविंद सिकरवार ने आज मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता एवं जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के प्रभारी अरविंद सिकरवार ने कहा कि आगामी 13 तारीख से शुरू होने वाले बूथ विजय अभियान के दौरान पार्टी के सभी कार्यकर्ता और सभी सातों मोर्चे के कार्यकर्त्ता बूथों पर पहुंचेंगे। सभी मोर्चों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां और लक्ष्य दिए गए हैं। अभियान के 10 दिनों में सभी कार्यकर्ता इन कामों को पूरा करते हुए 370 प्लस के लक्ष्य को हासिल करने की तैयारी करेंगे। नेता द्व ने बूथों पर किए जाने वाले कुछ प्रमुख कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में 18-19 साल की आयु के 16 लाख मतदाता हैं। प्रत्येक बूथ पर इन मतदाताओं से संपर्क और संवाद किया जाएगा। वहां के प्रबुद्धजन, की वोटर्स और



सभी समाजों, वर्गों के प्रमुख लोगों से भी संपर्क किया जाएगा। इसके अलावा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, युवा, महिला, खिलाढी, शासकीय योजनाओं के लाभार्थी सहित अन्य सभी वर्गों से छोटी-छोटी बैठकों के माध्यम से संपर्क किया जाएगा। पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं का सम्मान कर उनसे बूथ में 370 वोट बढाने के लक्ष्य के लिए सहयोग मांगा जाएगा। पन्ना प्रमुखों की बैठक बुलाकर उनसे करणीय कार्यों पर चर्चा की जाएगी। इन कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग प्रवासी कार्यकर्ता संगठन ऐप पर रियल टाइम करेंगे। पार्टी द्वारा हर बूथ पर 370 नए वोटर्स को जोढने के लक्ष्य को लेकर कहा कि जनसंघ के रूप में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना करने वाले डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में धारा 370 का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि एक देश में दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेंगे। धारा 370 के खिलाफ संघर्ष के दौरान ही डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान दे दिया। कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास से जोढे रखने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी.नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे हर बूथ पर 370 वोट बढाकर उन्हें डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित करें। पत्रकारवार्ता में आये सभी पत्रकारो का शब्दो के माध्यम से स्वागत सीहोर जिला भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया ने कियापत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता भाजपा जिला महामंत्री,अरविंद सिकरवार, चारुकृष्ण डण्डौतिया,जिला मंत्री अरुण परमार,जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिलीप डण्डौतिया,जिला कार्यालय मंत्री राजेश सिकरवार प्रमुख रूप से मौजूद थे!

**चित्र पत्रकारवार्ता के**
**(संजय डण्डौतिया)**
**जिला सह मीडिया प्रभारी**
**भाजपा मुरैना**

# बिहान की दीदियां भी होंगी जिले की भाग्य विधाता




मनेन्द्रगढ,/ भारत सरकार की लखपति दीदी की पहल का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री के गरिमामयी उपस्थिति में ऑनलाइन की गई जिसमें जिला मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर के 4800 स्वयं सहायता के 48 हजार 4 सौ 84 महिलाओं ने विभिन्न संकुल संगठनों, ग्राम संगठनों से ऑनलाइन जुढकर इस शुभारंभ की साक्षी बने। इसी तारतम्य में 50 लखपति दीदियों सहित 150 सामुदायिक संवर्ग दीदियाँ जनपद पंचायत सभागार मनेन्द्रगढ में एक साथ कार्यक्रम को देखा एवं सुना। आज 42 समूह को 84 लाख का त्रृष्टा वितरण आजीविका संवर्द्धन हेतु सेंट्रल बैंक के द्वारा एल0डी0एम0 एवं डी0पी0एम द्वारा प्रदान किया गया एवं प्रशासन के द्वारा 25 लाख 50 हजार रूपये का चक्रीय निधि 170 समूह को अनुदान जारी किया गया एवं 99 लाख का सामुदायिक निवेश कोष जारी करने का प्रकरण तैयार किया गया है। जिससे स्व सहायता समूह की महिलाएं आजीविका के लिए गतिविधि करें। कार्यक्रम में 50 लखपति दीदीयों को प्रशस्ति पत्र संकुल संगठन के अध्यक्ष के द्वारा प्रदान किया गया। कलेक्टर डी0राहुल वेंकट ने लखपति दीदियों को शुभकामनाएं देते हुए बिहान अमलो को निर्देशित किया कि हर घर लखपति दीदी बनाने का अभियान शुरू करें।

# शिवानी जैन एडवोकेट को एजुकेटर फेम अवार्ड 2024 से किया गया सम्मानित





आराध्या- एक ऐहसास फाउंडेशन द्वारा शिवानी जैन एडवोकेट को एजुकेटर फेम अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया।यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य ,सराहनीय योगदान एवं समाजोपयोगी कार्यों के लिए दिया गया है।यह सम्मान न केवल आपके कठोर परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है, बल्कि यह हमारे आराध्या फाउंडेशन और पूरे शिक्षा समुदाय के लिए भी गौरव का विषय है।

# लालपुर एवं करधना की 2 दिन विद्युत आपूर्ति रहेगी ठप।




**वाराणसी।**सर्वधारण को सूचित किया जाता है दिनांक 12/03 /24 एवं 13/03/24 को समय 10ः00 बजे से7ः00 बजे तक 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेंद्र लालपुर एवं 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेंद्र करधना की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त अवधि में आर0डी0एस0एस0 योजना केअंतर्गत 33 के0वी0 लाइन के रिकडकटरिग का कार्य संपादित किया जाएगा। विद्युत आपूर्ति के प्रावधान के लिए सम्मानित एवं उपभोक्ताओं से खेद है । विभागीय हित में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें

अधिशासी अभियंता-विद्युत वितरण खंड द्वितीय वाराणसी

# प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने जिला प्रवास के दौरान दिव्यांगो को ट्राइसाइकिल और सुगम्य केन का वितरण

### पात्र हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री आवास, नवीनीकृत राशनकार्ड और उज्ज्वला गैस कनेक्शन

कोरिया छत्तीसगढ शासन के आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछ्ढा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, बैकुण्ठपुर क्षेत्र के विधायक भईयालाल राजवाढे एवं भरतपुर- सोनहत क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह के करकमलों से जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में समाज कल्याण विभाग द्वारा चयनित दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं सुगम्य केन का वितरण किया गया। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को नवीनीकृत राशन कार्ड, उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत का प्रमाण पत्र, वनाधिकार पट्टा का भी वितरण किया गया।समाज कल्याण विभाग द्वारा चयनित बैकुण्ठपुर और सोनहत विकासखण्ड के 14 हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं 08 हितग्राहियों सुगम्य केन वितरित किया गया है। इस दौरान प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने दिव्यांग शिव कुमार



राजवाढे से उनकी सेहत के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें ट्राइसाइकिल की चाभी भेंट करते हुए उन्होनें सभी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकनाएं भी दी। साथ ही सभी को हेलमेट पहनकर ट्राइसाइकिल चलाने की हिदायत दी।आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर से राजकुमारी और सविता सहित तीन अन्य हितग्राहियों को नवीनीकृत राशनकार्ड तथा संपत बाई और राम बाई सहित तीन अन्य हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन का वितरण किया। इसी प्रकार आदिवासी विकास विभाग द्वारा 13 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्रक, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग द्वारा कृषकों स्वायल हेल्थ कार्ड एवं किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर अध्यक्ष नविता शिवहरे, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर की अध्यक्ष सौभाग्यवती कुसरो, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### राजदीप महाविद्यालय कैलहट मीरजापुर ने किक बॉक्सिंग में लहराया परचम

# रजत पदक प्राप्त कर छात्र रोहित व भानू बिंद ने राजदीप महाविद्यालय कैलहट का बढ़ाया मान

मीरजापुर। अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय किक बॉक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता में राजदीप महाविद्यालय, कैलहट के छात्र रोहित शिवशंकर बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने 91किग्रा भार वर्ग में रजत पदक एवं 57 किग्रा भार वर्ग में भानू बिंद बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने भी रजत पदक पाकर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का भी नाम ऊंचा किया दोनों छात्र लठिया बच्छांव, वाराणसी के निवासी हैं और इनके माता -पिता खेती का कार्य करते



हैं।यह प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में दिनांक 05.03.2024 से 09.03.2024 तक आयोजित किया गया था। इन खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में इनके माता-पिता के साथ महाविद्यालय के कोच अखण्ड प्रताप सिंह का सराहनीय योगदान रहा है। गांव में प्रतियोगियों की कमी नहीं है यदि इन्हें उचित वातावरण मिले तो ये हर ऊंचाई को प्राप्त कर सकते हैं।महाविद्यालय के प्रबंधक ई0 राज बहादुर सिंह ने इन सफल प्रतियोगियों के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए धन्यवाद दिया और इन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के कारण संभव हो सकी। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में सभी प्रकार का सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ गायत्री देवी एवं समस्त प्रवक्तागण ने इस उपलब्धि पर हर्ष प्रकट करते हुए विजेता खिलाड़ियों एवं खेल प्रभारी अखण्ड प्रताप सिंह को बधाई दिया।

# भाजपा लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती सरोज पांडेय पहुची आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान कार्यक्रम में



मनेद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर/एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ में बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत आंगनबाढी कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महिला मोर्चा की अध्यक्ष व लोकसभा प्रत्यासी सरोज पांडेय व पूर्व विधायक चम्पादेवी पावले मौजूद रही । कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीशगढी राज्य गीत से किया गया जिसमें अतिथियों का सम्मान किया गया वही आंगनबाढी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को सम्मानित किया गया । मुख्यातिथि सरोज पांडे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश की महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है । पहले जब बेटी पैदा होती थी लोग उसकी हत्या कर देते थे लेकिन आज बेटों के बराबर बेटियों का सम्मान किया जाता है इस लिए बेटिया बेटो से आगे है वही सरोज पांडेय ने कहा कि आज आँगबाढी कार्यकर्ता व सहायिका के सम्मान समारोह में पहुँची हु इसके बाद मितानिन बहनों का भी कार्यक्रम है और फिर संगठन की बैठक है । इस सभी कार्यक्रमो में शामिल होने पहुँची हु कार्यक्रम में लेट पहुंचने पर कहा कि हमे बहुत जगह जाना था और बीच मे गाढी पंचर हो गई थी जिस कारण हमें आने में विलम्ब हुआ है दुर्ग लोकसभा को लेकर कहा कि मेरा कोरबा लोकसभा क्षेत्र है और मैं कोरबा लोकसभा के बारे में आप को बता सकती हूं यहां पर भाजपा मजबूत है।सरोज पांडे ने बताया कि आज मैं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में पहुंची हूं इसके बाद मेरे पार्टी का भी कार्यक्रम है और आज मैं सभी



कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आई हूं आने में थोड़ा विलंब हो गया क्योंकि और भी जगह कार्यक्रम में जाने की वजह से और बीच में हमारी गाड़ी खराब हो जाने के कारण आने में थोड़ा विलंब हो गया यहां पर भारतीय जनता पार्टी बहुत मजबूती से चुनाव लड़ेगी अब मुझे पूर्ण विश्वास है महतारी वंदना योजना के तहत पूछे गए सवाल पर सरोज पांडे का कहना है कि अब यहां पर कांग्रेस की सरकार नहीं है जो कहती है वह पांच साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है अब यहां पर हमारी भाजपा की सरकार है छत्तीसगढ़ में हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव सांय और हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जो कहा है और भाजपा जो कहती है उसे पूर्ण करती है एक हजार रुपए महीने का और साल का बाहर हजार रुपए देने का जो वादा किया था उसे अब पूरा कर रही है जब सरोज पांडे से पूछा गया कि क्या महतारी योजना का लाभ हर उन माता बहनों को मिलेगा जो विवाहित हैं

# बजाज चीनी मिल भैसाना के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में सोमवार से तीन दिवसीय वास्तु शास्त्र कथा एवं यज्ञ का शुभारंभ हुआ।



यज्ञ से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। आचार्य सुशील बलूनी ने वास्तु कथा का प्रवचन किया। उन्होंने दैनिक जीवन में आने वाले वास्तु संकटों के कारण एवं निवारण पर प्रकाश डाला। इस मौके पर चीनी मिल के अधिकारी केपी सिंह, असीम श्रीवास्तव, अधिवक्ता अनुज बच्चस, पंकज पंवार, शिवकुमार, विकास मलिक, बीपी दीक्षित, विपिन कुमार व सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे

## बुढाना। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने सीओ व थानाध्यक्ष संग बैठक कर निर्देश दिए।



सोमवार तहसील परिसर में आयोजित बैठक में बुढाना सर्किल के सभी धानाध्यक्ष मौजूद रहे। एसडीएम ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी दी और कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण करें। उन्होंने लाईसेंसी शस्त्र धारकों से शस्त्र जमा करवाने और रात्रि गश्त बढाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील बूथों पर विशेष नजर रखने व चिन्हित लोगों को पाबंद करने के भी निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने पर होर्डिंग, पोस्टर, बैनर हटवाए जाए। क्षेत्र में कहीं अवैध शराब की बिक्री तो नही हो रही, इस पर नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि हमें लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कराना है। इस दौरान सीओ गजेंद्र पाल सिंह एवं बुढ़ाना, शाहपुर, फुगाना, रतनपुरी व भौराकलां के थानाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

# हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है धूम्रपान

धूम्रपान निषेध दिवस



राकेश अचल

**धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं।**

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 13 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है, जो इस साल 'तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है।



दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेटों के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

अपनी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

## संपादकीय

### बनी रहे चुनाव आयोग की गरिमा

लोकसभा चुनाव से ऐन पहले ही चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्त हो गए व अरुण गोयल ने अचानक इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुमरु ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। अब 15 मार्च तक दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की संभावना जताई जा रही है। कानून मंत्री के नेतृत्व में खोज समिति दोनों पदों के लिए पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी। जिसे प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति द्वारा चुनाव आयुक्त के तौर पर नियुक्ति के लिए दो नाम तय करेंगे। इसमें एक केंद्रीय मंत्री समेत कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी होंगे। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। गोयल के इस्तीफे के कारणों पर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। गोयल 1985 बैच के पंजाब कैडर के आईएएस थे। वह 2022 में निर्वाचन आयोग में शामिल हुए थे। वर्तमान में राजीव कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। यह भी अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है कि गोयल के कुमार के साथ रहे मतभेदों के कारण यह स्थिति जन्मी हो। मगर आंतरिक संचार व निर्णयों के रिकार्ड में गोयल की कोई असहमति नहीं नजर आयी है। इसलिए इसे व्यक्तिगत कारणों से दिया गया इस्तीफा बताया जा रहा है। जिस वक्त चुनाव की तैयारियां जारी हैं। आयोग केंद्रीय बलों की तैनाती व आवाजाही को लेकर गृहमंत्रालय व रेलवे के बीच महत्त्वपूर्ण बैठकें कर रहा है। उस वक्त एक साथ दोनों चुनाव आयुक्तों की नवनियुक्ति होने तक नियमित कामों में व्यवधान तो डालेगी ही। स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए स्वतंत्र निर्वाचन आयोग की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर संविधान ने विशेष जोर दिया गया है। चुनाव आयुक्तों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। जैसा कि मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त होते वक्त कुमार ने कहा था कि अनाचारों को रोकने व निर्वाचनों की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रति आयोग उत्तरदायी है। याद रखना होगा कि मुख्य चुनाव आयुक्त रहते हुए टीएन शेषन ने आम मतदाताओं के भीतर निर्वाचन आयोग के प्रति विशेष सम्मान का भाव जगाने का काम किया था। चुनावों के दरम्यान विपक्षी दलों व छोटे-छोटे स्थानीय दलों तथा स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने वालों के अधिकारों के साथ मतदाताओं की जागरूकता व मताधिकार प्रयोग करने के प्रति सतर्कता बनाए रखना भी आयोग का ही काम है। इन नियुक्तियों में समय का ख्याल रखना जरूरी है। ताकि चुनावपूर्व की तैयारियों में किसी तरह का व्यवधान न आए।

## चिंतन-मनन

### इच्छा का लक्ष्य है खुशी

बुरी आदत को छोड़ने की असमर्थता तुम्हें तकलीफ देती है। जब तुम बहुत पीड़ित होते हो, वह व्यथा तुम्हें उस आदत से छुटकारा दिलाती है। जब तुम अपनी कमियों से व्यथा महसूस करते हो, तब तुम साधक हो। पीड़ा तुम्हें आसक्ति से दूर करती है। यदि अपने दुगुर्णों को हटा नहीं सकते, तो उन्हें विस्तृत कर दो। चिन्ता, अभिमान, प्रोध, कामना, दुख सबको एक और बड़ा आयाम दे दो, एक दूसरी दिशा। छोटे-छोटे विषयों पर नाराज होने का क्या तुक है? नाराज होना है तो अनन्तता के प्रति, ब्रह्म के प्रति हो। यदि तुम अपने अहंकार को नहीं खत्म कर सकते तो अहंकार करो कि ईश्वर तुम्हारे हैं। यदि आसक्ति तुम पर छाई है, तो सत्य के प्रति आसक्त हो जाओ। यदि ईर्श्या तुम्हें सताती है, तो सेवा के लिए ईर्श्या करो। द्वेष के प्रति द्वेष रखो; गुरु से राग करो। दिव्यता के प्रति मदहोश हो जाओ।

इन्द्रिय सुखों की इच्छाएं विद्युत की तरह हैं; जैसे-जैसे वे विषय विस्तुओं की ओर बढ़ती है, निष्प्रभावी हो जाती हैं। अपनी कुशलता से यदि तुम इच्छाओं को अपने भीतर मोड़ सको- अपने अस्तित्व के केन्द्र की ओर- तो तुम्हें मिलेगा एक और आयाम- चिरन्तन सुख, रोमांच, परमानन्द और शात प्रेम। वासना, लोभ और ईर्ष्या इसलिए शक्तिशाली हैं क्योंकि ये केवल ऊर्जा हैं और तुम ही इनके स्रेत हो- वह विशुद्ध ऊर्जा। निष्ठा और भक्ति तुम्हारी ऊर्जा को शुद्ध बनाए रखती हैं, तुम्हें उन्नत करती हैं।

जब तुम यह समझ लेते हो कि तुम स्वयं ही सुख की विद्युत धारा हो, तुम्हारी लालसाएं घटने लगती हैं और प्रशांति आती है। मृत्यु निश्चित है - यह याद रखने से तुम वर्तमान क्षण में सजीव रहते हो, राग और द्वेष से मुक्त। इच्छा खुशी को खत्म करती है, लेकिन सभी इच्छाओं का लक्ष्य है खुशी। जब भी जीवन से खुशी गायब होने लगे, भीतर गहराई में झांककर देखो- तुम पाओगे यह इच्छा के कारण हो रहा है। लेकिन हमारी इच्छा ही केवल खुशी है। कोई जीव आज तक पैदा नहीं हुआ जिसे दुःख की चाह हो- न ऐसा पहले कभी हुआ है, न भविष्य में होगा। जब तुम्हारा छोटा मन इधर-उधर, जब जगह भागते-भागते थक जाता है, वह इस निष्कर्ष पर पहुंचता है, मेरी इच्छाओं ने मेरी खुशी छीन ली है।

# भाजपा की एक और तुरुप है सी ए ए...



निमिषा सिंह

भाजपा का सब्र लाजबाब है। इतना सब्र भाजपा कहाँ से लाती है आखिर ? भाजपा ने आम चुनाव में उतरने से पहले कालेधन की कालिख से अपने आपको बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट का इलेक्टोरल बांड का फैसला धूमिल करने के लिए आखिर सीएए को लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी। भाजपा का ये फैसला है तो विवादास्पद लेकिन है आत्मघाती फैसल। ये फैसला भाजपा की नाव पार भी लगा सकता है और नाव डूबा भी सकता है।

भाजपा ने नागरिकता संशोधन का बीज चार साल पहले ९ दिसंबर 2019 को बोया था। इस बीज को अंकुरित करने के लिए भाजपा ने चार साल तीन महीने तक चुपचाप खाद-पानी दिया और जैसे ही इलेक्टोरल बांड की आंधी ने भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी करने की स्थितियां बनाईं वैसे ही भाजपा ने नागरिकता संशोधन विधेयक को लागू करने का ऐलान कर दिया। इस कानून के खिलाफ देश में शुरू में जो गुबार उठा था उसे भाजपा ने लंबा खींचकर पहले ही ठंडा कर दिया था ,लेकिन अब हालात बदल गए है । देश का विपक्ष भाजपा के इस दांव के सामने अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

नागरिकता कानून में संशोधन बोतल में बंद जिन्न की तरह है। भाजपा इस जिन्न के जरिये एक नहीं अनेक अल्पसंख्यक समुदायों को खुश करने का इंतजाम करना छाती ह। भाजपा को पता है की पिछले एक दशक में अल्पसंख्यक समुदाय के अनेक तबके भाजपा से नाराज है। निमने मुसलमान,ईसाई और सिख सभी शामिल है। अब इन समुदाय के विदेशियों के लिए नागरिकता का रास्ता आसान कर भाजपा चुनाव में इन सभी अल्पसंख्यक समूहों की सहानुभूति बटोरना चाहती है। ये दूर की कौड़ी नहीं बल्कि एक सोचा-समझा हुआ गणित है। नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है। आपको याद होगा की नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक राज्यसभा से पारित हुआ था।

भारत का नागरिकता अधिनयम 69 साल पुराना है । इसकी आधारशिला अंग्रेजों के जमाने की है। भाजपा इस कानून के जरिये जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की तरह नागरिकता अधिनियम में तब्दीली करने के लिए कमर कसकर बैठी हुई थी। नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है।

मुमकिन है कि भाजपा इस काम को पहले अंजाम देती लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। कोरोना के कारण नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने में देरी हुई। लेकिन अब इसे हम लागू कर दिया गया है। भाजपा ने 2019 लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में कहा था कि वह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।भाजपा ने एक पंथ दो काज कर लिए है। एक तो इस कानून के जरिये भाजपा अपने अल्पसंख्यक प्रेम को स्थापित करने के साथ होई इलेक्टोरल बांड की पोल खुलने से होने वाली फजीहत से भी बचना चाहती है। विपक्ष अब इलेक्टोरल बांड के मुद्दे को उछाले या नागरिकता संशोधन विधेयक के इस नए मुद्दे को उछाले।

इस नए तूफान के बाद अब देश की राजनीति में नया रंग आने वाला है। विपक्ष पहले से ही सत्तारूढ़ दल की चालबाजियों का मुकाबला नहीं कर पा रहा है ,और अब ये नागरिकता संशोधन कानून लागू कर भाजपा ने समूचे विपक्ष को निहत्था कर दिया है। इस कानून के लागू करने में भाजपा को फिलहाल कोई दिक्कत होने वाली नहीं है क्योंकि अभी सब चुनावी जंग में कूद रहे हैं। इस कानून पर अमल तो चुनावों के बाद से होगा,हाँ चुनावों में भाजपा इस कानून के जरिये रूठे हुए अल्पसंख्यकों के बीच अपनी खोई हुई साख बचने का प्रयास जरूर करेगी। इस संशोधन कानून का फायद भाजपा को सीमावर्ती क्षेत्रों में मिल सकता है।




भाजपा को इस बात के लिए बधाई या शाबासी दी जा सकती है की वो अपने खिलाफ उठने वाली हर आंधी के मुकाबले एक नया इंतजाम करके रखती है। आज देश की जनता महंगाई ,बेरोजगारी और दुसरे तमाम मुद्दों को भूलने की बीमारी का शिकार बन चुकी ह। अवाम को धर्म की सुरा पहले से ही पिलाई जा चुकी है। इस नशे को उतरने नहीं दिया जा रहा है। अब देखना है की इस कानून को लागू कर सत्तारूढ़ दल देश के अम्नो-अमान को महफूज रख पाती है या बिगाड़ती है क्ये घोषणा माहे रमजान के समय की गयी है और इसके भी अलग निहितार्थ हैं। आगे-आगे देखिये होता है क्या ? आपको याद होगा की देश के अनेक राहों ने इस कानून का विरोध किया है और किसी भी सूरत में इस कानून को लागू न किये जाने की बात कही है। असम,केरल और बंगाल इस मुद्दे पर पहले से खिलाफ हैं।

# दिल्ली मेट्रो : बददिमाग यात्रियों पर सख्ती जरूरी



डॉ. सुनील विपुल



पिछले लगभग ढ़ाई दशकों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जिस एक संसाधन से सबसे ज्यादा विकसित व संपन्न हुई है, वह है दिल्ली मेट्रो। अपनी शुरूआत से ही यह अपनी खूबियों की वजह से न सिर्फ लोकप्रिय हुई बल्कि बहुत सारे कीर्तिमान भी स्थापित किए। आज मेट्रो का विस्तार न केवल दिल्ली वरन दिल्ली से लगे पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम,फरीदाबाद तक हो चुका है। दिल्ली मेट्रो आए दिन चर्चा का विषय बनती रहती है कभी रिकॉर्ड यात्रियों द्वारा मेट्रो में सफर के लिए तो कभी दिल्ली मेट्रो में यात्रियों द्वारा तरह-तरह की गतिविधियों के लिए। पिछले कुछ वर्षो में जब से रील कल्चर पापुलर हुआ है दिल्ली मेट्रो रील बनाने वालों का भी एक प्रमुख अड्डा बन गया है। सिंगिंग, डांसिंग से लेकर प्रैंक वीडियो तक दिल्ली मेट्रो में बिना परमिशन के शूट किए जाते रहे हैं और तमाम नियम-अधिनियम और कानूनों के बावजूद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन इन्हें रोकने में असफल साबित हुआ है।

आए दिन दिल्ली मेट्रो में अश्लील हरकतें करते हुए कपल के वीडियो वायरल होते रहे हैं, तो कभी गाली-गलौज करते हुए कुछ यात्री। डीएमआरसी के अनुसार दिल्ली मेट्रो में प्रतिदिन लाखों यात्री सफर करते हैं ऐसे में सभी पर नजर रख पाना संभव नहीं है, इसलिए यात्रियों से अपील है कि अगर वे आस-पास किसी को अश्लील हरकत करते हुए देखते हैं तो तुरंत मेट्रो ट्रेन के कोच में लगे इमरजेंसी बटन को दबाकर ट्रेन ऑपरेटर को भी इसकी सूचना दे सकते हैं।

भारतीय दंड संहिता की धारा 294 कहती है कि व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थल पर न तो अश्लील कार्य कर सकता है न ही कोई अश्लील गाने बजा सकता है न इस तरह की कोई हरकत कर सकता है, जिससे दूसरे लोग प्रभावित हों। ऐसा करते हुए पाए जाने पर उसको तीन महीने की सजा अथवा जुमार्ना या फिर दोनो हो सकता है। हालांकि इस कानून में अश्लीलता को परिभाषित नहीं किया गया है, परंतु कोई भी ऐसा कार्य जिसे देखकर लोग असहज महसूस करें तो वह अश्लीलता की ही श्रेणी में आता है।

अश्लीलता को परिभाषित करना अपने आप में एक जटिल कार्य है, फिर भी सार्वजनिक जगहों पर नितांत निजी क्रियाओं को अश्लील कहा जा सकता है। दिल्ली मेट्रो अधिनियम की धारा 59 के तहत यह प्रावधान है कि कोई व्यक्ति अगर मेट्रो के अंदर किसी प्रकार की अभद्रता या अश्लीलता करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उसे मेट्रो से तुरंत उतारकर उस पर जुमार्ने के रूप में 500 रु पए दंड का भी प्रावधान है। वैसे ये नियम तब लागू होता है जब व्यक्ति नशे की हालत में हो या उसने किसी के साथ अभद्रता की हो।

दिल्ली मेट्रो में आए दिन महिला सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं कभी महिला यात्रियों से छेड़-छाड़ तो कभी उनके साथ अभद्रता की खबरें आती रहीं हैं। इसको लेकर दिल्ली मेट्रो की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हां दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने रील बनाने जैसे कायरे को पूरी तरह प्रतिबंधित कर रखा है और ऐसा करते हुए पाए जाने पर उनके विरु द्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए हैं। फिर भी आए दिन चलती हुई मेट्रो में कभी तरह-तरह के स्टंट करते हुए युवा रील बना रहे हैं तो कभी अन्य सहयात्रियों की असुविधा का ध्यान रखे बिना प्रेम या चुंबन जैसे निजी क्रिया को सार्वजनिक दिखावा करते हुए पाए जा रहे हैं। ऐसा कई बार इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के लिए भी किया जाता है।

अभी पिछले दिनों दो महिलाओं की मेट्रो में हुई लड़ाई का वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें दोनों एक-दूसरे को भद्दी-भद्दी गालियां दे रही हैं। क्या इस तरह की घटनाओं से बाकी सहयात्री प्रभावित नहीं होते? क्या बच्चों/युवाओं पर ऐसी घटना का बुरा प्रभाव नहीं पड़ता? आए दिन मेट्रो में चोरी की घटनाएं हो रही हैं, ग्रुप बनाकर चोरी करने वाले गिरोह (महिला/पुरु ष दोनों) ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, पर इसे भी दुर्भाग्य से रोका नहीं जा पा रहा। क्या डीएमआरसी को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपाय नहीं करना चाहिए?

क्या ऐसे लोगों की आगे कुछ समय के लिए मेट्रो की यात्रा करने पर रोक नहीं लगा देना चाहिए? हवाई यात्राओं में कोई यात्री र्दुव्यवहार करता पाया जाता है और ऐसा बार-बार करता है तो उसको जैसे भविष्य में कुछ माह/साल के लिए यात्रा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता है वैसे ही मेट्रो की यात्रा के लिए भी किया जाना वक्त की मांग है। ऐसे कृत्य के लिए फिलहाल दंड या जुमार्ने का प्रावधान नाकाफी है। यात्रियों की बेहतरी, सुरक्षा और निजता की रक्षा के लिए डीएमआरसी को अपने प्रावधानों में बदलाव करना चाहिए। निश्चित तौर पर इन सुधारों से दिल्ली मेट्रो दुनिया की सबसे बड़ी लाइन, सर्वाधिक यात्रियों के साथ सबसे बेहतर और सुरक्षित सुविधा वाली सेवा साबित होगी।

## भारी सुरक्षा के बीच एक-दूजे के हुए काला जठेड़ी और अनुराधा



नई दिल्ली । कुख्यात गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी और लेडी डॉन अनुराधा चौधरी ने मंगलवार को शादी कर ली। दोनों दिल्ली के द्वारका स्थित संतोष पैलेस में शादी के बंधन में बंध गए। इस मौके पर सुर्ख लाल जोड़े में अनुराधा नजर आई, जबकि काला जठेड़ी कुर्ता-पायजामा और सदरी पहने हुआ था। इसके पहले लेडी डॉन खुद स्कॉर्पियो ड्राइव करके सोनीपत से दिल्ली पहुंची उसके साथ परिवार के लोग भी मौजूद हैं। दिल्ली में हो रही चर्चित शादी समारोह की सुरक्षा में अत्याधुनिक हथियारों लैश कमांडो तैनात हैं। ड्रोन से पूरे इलाके पर नजर रखी जा रही है। हॉल के आसपास की छतों पर दिल्ली पुलिस के जवान तैनात हैं। सभी पुलिसकर्मियों ने बॉडी कैमरा लगा रखा है। शादी में आने वाले मेहमानों को मोबाइल फोन लेकर अंदर जाना मना है। हाई कोर्ट के आदेश के तहत गैंगस्टर काला जठेड़ी को मंगलवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक की पैरोल मिली है। इस कारण 4 बजे से पहले ही सारी रस्में पूरी की जा रही हैं। तिहाड़ जेल से भारी सुरक्षा बल के साथ डॉन शादी हॉल में पहुंचा। इसके बाद स्टेज पर जाकर कुछ देर अपनी होने वाली पत्नी अनुराधा चौधरी के साथ बैठा। फिर दोनों शादी के मंडप में पहुंचे, जहां डॉन ने लेडी डॉन को सिंदूर लगाया।

## सीएए लागू होते ही देश के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाई

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी सीएए का नोटिफिकेशन जारी होते ही देश के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। दिल्ली में 2020 में सीएए के खिलाफ हुए प्रदर्शन के बाद दंगे भड़क गए थे। पुलिस यहां सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही बरतना नहीं चाहती है। इसलिये उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भी सुरक्षा बढ़ा दी है। सोमवार को नोटिफिकेशन जारी होने से पूर्व पूरे जिले में फ्लैग मार्च निकालने के अलावा सघन तलाशी अभियान भी चलाया गया। कई जगह पुलिस ने ड्रोन का इस्तेमाल किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों समुदाय के लोगों से बातचीत की जा रही है। अमन कमेटी की अब तक 29 बैठकें हो चुकी हैं इसमें एक बैठक जिला स्तर पर हुई। जिला पुलिस उपायुक्त डॉ जॉय टिर्की ने बताया कि सीएए को लेकर लोगों में गलत-फहमी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वह अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कोई माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। हर थाने की पुलिस टीम को क्षेत्र के सभी बदमाशों व संदिग्ध लोगों की लिस्ट बनाकर उन पर नजर रखने के लिए कहा गया है। पुलिस ने आम लोगों से बिल्कुल भी न घबराने की अपील की है।

## जैसलमेर के निकट तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

नयी दिल्ली। भारतीय वायुसेना का एक हल्का लड़ाकू विमान तेजस प्रशिक्षण उड़ान के दौरान मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने यह जानकारी दी। वायुसेना ने बताया कि विमान का पायलट उससे सुरक्षित बाहर निकल गया। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। वायुसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, ''भारतीय वायुसेना का एक हल्का लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस आज एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, पायलट इससे सुरक्षित बाहर निकल गया।

## खावडा और अबडासा के बाद अंजार में अतिक्रमणों पर चला बुलडोजर, तीन दरगाहों और एक मंदिर जमींदोज

कच्छ। गुजरात में अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रशासन की कार्यवाही जारी है। इसके अंतर्गत कच्छ के अंजार से लेकर देवभूमि द्वारका के सलाया तक अवैध निर्माणों को तोड़ा गया है। कच्छ में जहां पिछले कई दिनों से अवैध अतिक्रमण हटाने का काम चल रहा है, वहीं आज अंजार में धार्मिक अतिक्रमण पर फिर से बुलडोजर चल गया। सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनी तीन दरगाहों और एक मंदिर ढहा दिया गया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रशासन ने अतिक्रमणों का सफाया कर दिया। दूसरी ओर देवभूमि द्वारका के सलाया बंदरगाह में पिछले कुछ दिनों से चल रहा तोड़फोड़ का काम भी आज पूरा हो गया। यहां पुराने रेलवे स्टेशन क्षेत्र में 54 अतिक्रमण हटा दिए गए हैं। जिससे लगभग 1 करोड़ की सरकारी जमीन को दबाव से मुक्त कराया गया है। गैरकानूनी निर्माणों को दूर करने के साथ ही सिस्टम का संदेश साफ है कि धर्म के नाम पर भी कोई अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंजार से हटाए गए धार्मिक अतिक्रमणों में हाजीपीर की दरगाह, नागेशापीर की दरगाह, वल्लीपीर की दरगाह और मामादेव मंदिर शामिल हैं। गौरतलब है कि इससे पहले कच्छ के अबडासा और खावड़ा में भी इसी तरह के ऑपरेशन को अंजाम दिया गया था।

## 59 फीसदी भारतीयों ने माना, एआई से काम आसान होगा

नई दिल्ली । आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर भारतीयों का नजरिया सकारात्मक है। एक नई रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। करीब 59 फीसदी भारतीयों का मानना है कि एआई से काम आसान होगा और बेहतर परिणाम आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, करीब 80 प्रतिशत भारतीयों और विश्व स्तर पर 73 प्रतिशत लोगों ने जेनरेटिव एआई को इंटरनेट के उदय जितना ही योग्य होने की हिमायत की। सर्वे एआई जैसी उभरती टेक्नोलॉजी के प्रति भारत की बढ़ती सहमति और उत्साह को दर्शाता है। भारत स्थिरता, गतिशीलता, विनिर्माण और दैनिक जीवन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई-संचालित समाधानों के लिए उत्सुक है। सर्वे में भारत सहित सात देशों में 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोग शामिल हुए। सर्वे में शामिल होने वाले विश्व के 64 प्रतिशत लोगों ने एआई को भविष्य में सबसे प्रभावशाली तकनीक के रूप में रैंकिंग दी है। रिपोर्ट में भारतीयों के बीच आशावाद की एक मजबूत भावना का पता चला है, जिसमें 76 प्रतिशत व्यक्तिगत रूप से एआई के नेतृत्व वाले हस्तक्षेप के आगामी युग के लिए तैयार महसूस करते हैं। करीब 81 प्रतिशत भारतीयों और 71 प्रतिशत विश्व के जवाबकर्ताओं का मानना है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तकनीकी प्रगति महत्वपूर्ण होगी।

## चीन को भारत की दो टूक, अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा था और हमेशा रहेगा

नई दिल्ली । भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अरुणाचल प्रदेश यात्रा पर चीन की टिप्पणियों को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सख्त बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पूर्वोत्तर राज्य की यात्रा पर चीन द्वारा आपत्ति जताना तर्कसंगत नहीं है। मोदी सरकार ने दोहराया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि हम प्रधानमंत्री की अरुणाचल प्रदेश यात्रा के संबंध में चीनी पक्ष द्वारा की गई टिप्पणियों को खारिज करते हैं। भारतीय नेता समय-समय पर अरुणाचल प्रदेश का दौरा करते हैं, जैसे वे भारत के अन्य राज्यों का दौरा करते हैं। ऐसी यात्राओं या भारत की विकासात्मक परियोजनाओं पर आपत्ति करना उचित नहीं है। दरअसल पीएम मोदी ने 9 मार्च को दुनिया की सबसे लंबी ट्विन-लेन सुरंग, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का उद्घाटन करने के लिए अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया। चीन ने कहा कि उसकी सरकार ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी है और वह इसका दृढ़ता से विरोध करती है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने पीएम मोदी की अरुणाचल प्रदेश यात्रा के बारे में सवाल का जवाब देकर यह बयान दिया।

# रमज़ान शुरू होते ही कश्मीर के बाज़ारों में उत्सव जैसा माहौल, खजूर खरीदने वालों की भारी भीड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुसलमानों का पवित्र महीना रमजान आज से शुरू होने के कारण कश्मीर घाटी के बाजारों में सोमवार को उत्सव जैसा माहौल रहा। पूरे कश्मीर के बाजार खचाखच भरे हुए थे क्योंकि लोग रमज़ान से संबंधित सामान खरीदते देखे गए। जम्मू-कश्मीर के ग्रैंड मुफ्ती मुफ्ती नसीरुल इस्लाम फारूकी ने घोषणा की कि आज शाम जम्मू-कश्मीर में रमजान का चांद देखा गया है। जीएनएस के अनुसार इस्लाम ने कहा 1445 ए.एच. का रमज़ान वर्धमान जम्मू और कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में देखा गया था और पवित्र महीना आज शाम से शुरू हो रहा है और कल उपवास के महीने का पहला दिन मनाया जाएगा।

श्रीनगर और घाटी के अन्य बाजारों में लोग इस सबसे पवित्र महीने के लिए खरीदारी में व्यस्त थे। इन बाजारों के दुकानदार अपनी बिक्री में बढ़ोतरी देखकर खुश थे। श्रीनगर के स्थानीय निवासी शौकतनाजिर कहते हैं, 'रमजान आध्यात्मिक नवीकरण और सामुदायिक जुड़ाव का समय है।' उन्होंने कहा कि हलचल भरे बाजारों



और परिवारों को एक साथ खरीदारी करते देखना खुशी की भावना पैदा करता है। श्रीनगर में दुकानदारों ने अपनी दुकानों को विभिन्न प्रकार की खजूरों से सजाया है। शहर के केंद्र, लालचौक, श्रीनगर में अपनी दुकान रखने वाले एक दुकानदार ने कहा, 'रमजान के दौरान खजूर का विशेष महत्व होता है।' एक अन्य दुकानदार मंसूर कहते हैं, 'खजूर सिर्फ एक खाद्य पदार्थ नहीं है; वे रमजान में मिलने वाले आध्यात्मिक पोषण का प्रतीक हैं।' लालचौक के एक दुकानदार मोहम्मद इब्राहिम ने कहा, 'हम अच्छा व्यवसाय देखकर खुश हैं क्योंकि लगभग हर कोई सामान खरीद रहा है जिसमें खजूर, आटा और अन्य सामान शामिल हैं। हमें उम्मीद है कि यह प्रवाह देर शाम तक जारी रहेगा।'

कश्मीर के बाज़ारों में खजूर खरीदने वालों की भीड़ लगी हुई है। इस रमज़ान में दुकानदारों ने खजूर की आयातित किस्में प्रदर्शित कीं। रमज़ान के पहले दिन खजूर खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी गई क्योंकि वे रमज़ान का पहला दिन मना रहे थे। वहीं दुकानदारों से बात करने पर उनका कहना है कि इस रमजान में सऊदी अरब, ईरान और ट्यूनीसा के खजूर बिक्री के लिए रखे गए हैं. 'हमने इस रमज़ान में लोगों के लिए सऊदी, ट्यूनीसा और ईरान की तारीखें प्रदर्शित की हैं' इस बीच, स्थानीय लोगों ने कहा, लोगों को इस रमजान में माफी मांगनी चाहिए और दुनिया में शांति के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। एक स्थानीय नागरिक ने कहा, 'मैं लोगों से क्षमा मांगने और प्रार्थनाओं में दृढ़ रहने का आग्रह करता हूं।'' हमें भी इस रमज़ान में गरीबों की मदद करनी चाहिए।'

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को धमकी देने वाला युवक विशेष चतुर्वेदी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पटना । बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को धमकी देने वाला युवक विशेष चतुर्वेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर ली है। बिहार के पटना जिले के बाढ़ एनटीपीसी से विषेश चतुर्वेदी की गिरफ्तारी हुई है। आरोपी युवक दिल्ली में ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केटिंग कंपनी में जॉब करता था । फास्ट्रेशन में आकर युवक ने सोशल प्लेटफार्म पर मुख्यमंत्री को गोली मारने की धमकी दी थी। गिरफ्तार युवक ने मुख्यमंत्री से माफी मांगी है। अपने द्वारा कहे शब्दों को वापस लेने की बात कही है। फिलहाल उस युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामला बीते दिनों की है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमे मुख्यमंत्री को गोली मारने की कही गई थी। पटना पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि, इसके पूर्व भी इस मामले में दो लोग गिरफ्तार हुए हैं।

# आदिवासी संकल्प से आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन की रक्षा करेंगे : मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी आदिवासी संकल्प की गारंटी के माध्यम से आदिवासियों के अधिकारों तथा उनके जल, जंगल, जमीन की रक्षा करेगी। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान आदिवासियों के लिए छह सूत्री संकल्प की घोषणा की। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि मोदी सरकार में वन सरंक्षण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और वन क्षेत्र को मित्र पूंजीपतियों को दिया जा रहा है।

खरगे का कहना था, हम आदिवासियों के जल जंगल जमीन की रक्षा करने की पूरी कोशिश करेंगे और इसे कानून के तहत करेंगे। खरगे ने कहा, वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय मिशन स्थापित किया जाएगा, एक स्पेशल बजट रखा जाएगा और विशेष कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा वन



संरक्षण और भूमि अधिग्रहण अधिनियमों में किए गए सभी संशोधनों को कांग्रेस वापस लेगी, जिनसे आदिवासियों को बड़े पैमाने पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खरगे के अनुसार, कांग्रेस सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उन सभी बस्तियों या बस्तियों के समूहों को अनुसूचित क्षेत्रों के रूप में चिन्हित करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां एसटी सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पंचायत प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा) के अनुसार राज्यों में कानून बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि ग्राम सरकार और स्वायत्त जिला सरकार की स्थापना हो सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लाया जाने वाला एमएसपी का अधिकार कानून, जो एमएसपी को कानूनी दर्जा देगा वह छोटे वन उपज को भी कवर करेगा।

उन्होंने दावा किया, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए बजटीय संसाधनों में संतुलित और पर्याप्त हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए 1970 के दशक के अंत में इंदिरा गांधी द्वारा शुरू की गई अनुसूचित जाति और जनजातीय उपयोजना के लिए सब प्लान योजना को 2014 में मोदी सरकार द्वारा समाप्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अनुसूचित जाति योजना और जनजातीय उप-योजना को पुनर्जीवित करने और इसे कानून द्वारा लागू करने योग्य बनाने की गारंटी देती है, जैसा कि कुछ राज्यों में कांग्रेस सरकारों ने किया है।

## कांग्रेस के एक और दिग्गज नेता का चुनाव लड़ने से इंकार, वर्तमान जिम्मेदारी का हवाला दिया



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले गुजरात कांग्रेस से एक बड़ी खबर सामने आई है। गुजरात कांग्रेस के पूर्व प्रमुख और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रहे भरतसिंह सोलंकी ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। इसके लिए उन्होंने मौजूदा जिम्मेदारियों का हवाला दिया है। बता दें कि बीते दिन कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदीश ठाकोर के लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान किया था। जगदीश ठाकोर के बाद अब एक और दिग्गज नेता भरतसिंह सोलंकी ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। भरत सिंह सोलंकी ने ऐलान किया है कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। खास बात ये है कि आज कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों का ऐलान हो सकता है। एक और लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां कवायद में जुट गई हैं। दूसरी ओर गुजरात कांग्रेस के पूर्व विधायकों के भाजपा जॉइन करने के बीच कल पूर्व अध्यक्ष जगदीश ठाकोर ने भी ऐलान किया था कि वे लोकसभा नहीं लड़ेंगे। इन सबके बीच अब एक बड़ा अपडेट सामने आया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता भरत सिंह सोलंकी ने पार्टी से लोकसभा नहीं लड़ने का अनुरोध करते हुए कहा है कि पार्टी ने उन्हें प्रचार की जिम्मेदारी दी है। पार्टी के दिग्गज नेता भरत सिंह सोलंकी ने एक्स पर लिखा कि 'कांग्रेस पार्टी ने दशकों से मुझे और मेरे परिवार को बहुत कुछ दिया है। एआईसीसी जम्मू-कश्मीर के प्रभारी के रूप में मेरी वर्तमान जिम्मेदारी के मद्देनजर और गुजरात में पार्टी के लिए प्रभावी ढंग से प्रचार करने में सक्षम होने के लिए, मैं विनम्रतापूर्वक हाईकमान को यह चुनाव नहीं लड़ने की अपनी इच्छा से अवगत कराता हूं। हालाँकि, कांग्रेस का आजीवन सिपाही होने के नाते, केंद्रीय नेतृत्व जो भी निर्णय लेगा, मैं उसे स्वीकार करूंगा और उसका पालन करूंगा।'

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

पोर्ट लुइस। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर मंगलवार को यहां मॉरीशस में महात्मा गांधी संस्थान जाकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर पहुंचीं 65 वर्षीय मुर्मू ने मॉरीशस के मोका में स्थित महात्मा गांधी संस्थान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन में राष्ट्रपिता के सार्वभौमिक सिद्धांतों को याद किया। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस मौके पर आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने मॉरीशस में अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने और भावी पीढ़ियों तक प्रसारित करने के लिए भारतीय प्रवासियों को धन्यवाद दिया। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं मुर्मू ने मंगलवार को महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी की। विदेश मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी के ऐतिहासिकदांडी मार्च की शुरुआत वाले दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस के प्रतिष्ठित महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की संक्षिप्त सवारी भी की। पोस्ट के मुताबिक, मॉरीशस मेट्रो भारत समर्थित एक प्रमुख परियोजना है, जिसका मॉरीशस के लोगों के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में मॉरिशस के प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त रूप से मेट्रो सेवा और अस्पताल का उद्घाटन किया था। नमक सत्याग्रह जिसे 1930 के दांडी मार्च के नाम से भी जाना जाता है, का भारत के आजादी के आंदोलन में प्रमुख स्थान है।

## केंद्र केरल को 31 मार्च तक एकमुश्त पैकेज देने पर विचार करे : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह वित्तीय समस्याओं से निपटने के लिए केरल सरकार को 31 मार्च तक एकमुश्त पैकेज देने पर विचार करे। केरल सरकार के वकील कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ अपने लंबित मुकदमे का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्य को जरूरी राशि नहीं जारी कर रही है। पीठ ने राज्य सरकार की याचिका बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताते हुए कहा कि केंद्र थोड़ा उदार रुख अपनाते हुए केरल को विशेष मामले के रूप में एकमुश्त पैकेज दे सकता है। पीठ ने कहा कि आने वाले बजट में अधिक कठोर शर्तें रखी जा सकती हैं लेकिन 31 मार्च से पहले राज्य को एक विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए ताकि वह वित्तीय समस्याओं से निपट सके। इस पर केंद्र की ओर से पेश



अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमण ने कहा कि ऑफसेटिंग बैलेंस का केरल के वित्त पर असर पड़ रहा है और राज्य ने राजकोषीय सशक्तीकरण को दो बार टाल दिया है। ऑफसेटिंग बैलेंस वह न्यूनतम राशि होती है जिसे ऋण देने की एक शर्त के रूप में उधारकर्ता को जमा रखने की जरूरत होती है। केरल सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर केंद्र सरकार पर कर्ज लेने की सीमा लगाकर राज्य के वित्त को विनियमित करने के लिए अपनी 'विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों' के प्रयोग में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया गया है।

# जानबूझकर लोकसभा चुनाव से ठीक पहले लागू किया गया सीएए: जयराम रमेश

### सीएए को लेकर मोदी सरकार पर भड़के विरोधी नेता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार ने सोमवार देर शाम को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 को लागू करने से जुड़े नियमों को अधिसूचित किया है, सीएए के लागू होते ही पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से दस्तावेज के बिना आने वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने का रास्ता साफ हो गया है। सीएए को लेकर नोटिफिकेशन जारी होने पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस ने सीएए को लागू करने के समय पर सवाल उठाया है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पोस्ट किया, दिसंबर 2019 में संसद द्वारा पारित नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों को अधिसूचित करने में मोदी सरकार को चार साल और तीन महीने लग गए। प्रधानमंत्री मोदी दावा करते हैं कि उनकी सरकार बिल्कुल प्रोफेशनल ढंग से और समयबद्ध तरीके से काम करती है। उन्होंने लिखा, सीएए के नियमों को अधिसूचित करने में लिया गया इतना समय पीएम मोदी के सफेद झूठ की एक और झलक है। नियमों की



अधिसूचना के लिए नौ बार एक्सटेंशन मांगने के बाद घोषणा करने के लिए जानबूझकर लोकसभा चुनाव से ठीक पहले का समय चुना गया है। कांग्रेस नेता रमेश ने लिखा, ऐसा स्पष्ट रूप से चुनाव को ध्रुवीकृत करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से असम और बंगाल में इसका खास असर दिखाई देगा। यह इलेक्टोरल बांड घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार और सख्ती के बाद हेडलाइन को संतुलित करने का प्रयास भी प्रतीत होता है। वहीं सीएए पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि सीएए से अगर किसी नागरिकता रद्द हुई तब उस बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अलावा दक्षिण के राज्य तमिलनाडू के तमिल अभिनेता और तमिलागा वेट्री कड़गम (टीवीके) प्रमुख थलपति विजय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 लागू करने के बाद मोदी सरकार पर हमला बोला। 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों के लिए तेजी से नागरिकता प्रदान करने के लिए संसद द्वारा विवादास्पद कानून पारित किए जाने के 4 साल बाद केंद्र ने नियमों को अधिसूचित करके सीएए लागू किया। विजय ने कहा कि सीएए को लागू करना स्वीकार्य नहीं है। उस माहौल में जहां देश के सभी नागरिक सामाजिक सद्भाव के साथ रहते हैं, भारतीय नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 (सीएए) जैसे किसी भी कानून को लागू करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने तमिलनाडु सरकार से यह सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया कि कानून तमिलनाडु में लागू न हो।

# दस लाख से अधिक वन्यजीव प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बदलते हालात में ग्लोबल वार्मिंग और ग्रीन हाउस गैसों से बढ़ती चुनौतियों की वजह से पक्षियों का संरक्षण बेहद मुश्किल होता जा रहा है। तरह-तरह की बीमारियां बढ़ रही हैं। वन्यजीवों को विलुप्त होने या शिकार से बचाने के लिए भारत में 1873 में वन्यजीव संरक्षण कानून बनाए गए थे, लेकिन उनसे भी वन्यजीवों, खासकर पक्षियों को शिकार से बचाने में मदद नहीं मिल पाती थी। जब देश आजाद हुआ तो 1952 में वन्यजीव बोर्ड की स्थापना की गई। फिर उसका पुनर्गठन 1991 में किया गया। बोर्ड के गठन के बाद वन्यजीवों के संरक्षण की कोशिशें तेज हुईं, फिर भी जीव-जंतुओं की तस्करी और शिकार पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई। नतीजा ये रहा कि पिछली एक शताब्दी में तस्करी, शिकार और पारिस्थिकी-तंत्र के असंतुलन की वजह से अनेक दुर्लभ पक्षी भी धरती से

गायब हो गए। इसमें डोडो, कैरोलिना, तोता, यात्री कबूतर, हंसता हुआ उल्लू, लैब्राडोर बतख और दूसरे कई दुर्लभ पक्षी शामिल हैं। इस समय दस लाख से अधिक वन्यजीव प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं। वर्तमान में पक्षियों की तकरीबन दस हजार जीवित प्रजातियां हैं, जिनमें से एक हजार चार सौ अस्सी विलुप्त होने को हैं और दो सौ तेईस गंभीर स्थिति में हैं। 'स्टेट आफ इंडियाज बर्ड्स' के मुताबिक कुछ 'रैप्टर' और बतखों की तादाद में सबसे ज्यादा कमी देखने को मिली है। इसी तरह भारतीय गौरैया और कठफोड़वा खत्म होने के कगार पर बताए जा रहे हैं। यों तो वन्य जीव-जंतुओं के विलुप्त होने का खतरा लंबे समय से मंडराता रहा है, लेकिन पिछली एक शताब्दी में विज्ञान के विकास के साथ वन्यजीवों पर खतरा बहुत तेजी से बढ़ा है।

उद्यानों के निर्धारित क्षेत्रफल को बढ़ाना और पक्षियों के संरक्षण के लिए बजट में और अधिक व्यय का प्रावधान, अवैध शिकार, सुरक्षा क्षेत्र को और बेहतर करना, दुर्लभ पक्षियों के संरक्षण पर और ध्यान देना, पर्यावरण को पक्षियों के अनुकूल बनाना, विकास की अंधी दौड़ में पक्षी उद्यानों के आसपास की रिहायशी बस्ती को हटाना या दूसरे स्थानों पर उद्यानों को स्थानांतरित करना, जल, भोजन और अन्य वातावरणीय समस्याओं को खत्म करके पक्षियों के वास के अनुकूल बनाना और शिकारियों को कठोर दंड देने के लिए मुफीद कानून बनाने से लेकर पक्षियों के प्रति लोगों में प्यार बढ़ाने जैसे कदम शामिल किए जाने चाहिए। पक्षियों को बचाने की चुनौती जानवरों से ज्यादा है।

दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण के लिए विश्व स्तर पर वन्यजीवों की दुर्लभ प्रजातियों का



जिसका कार्य संकटापन्न प्रजातियों के अवैध अंतरराष्ट्रीय व्यापार को रोकना है। भारत भी इसका सदस्य है। भारत ने इस बाबत अनेक जीव-जंतुओं की तस्करी पर रोक लगाने के लिए बड़े स्तर पर कदम उठाए हैं, लेकिन वे

वन्यजीवों की घटती संख्या और लुप्त होती पक्षी प्रजातियों के संरक्षण को मुकम्मल नहीं किया जा सका है। ऐसे में सवाल उठता है कि पक्षियों की घटती संख्या को कैसे रोका जा सकता है? क्या संरक्षण वाली परियोजनाओं को और

### अवैध शराब के परिवहन करने वाले

# तीन माह से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया जी के द्वारा गंभीर अपराधों मे फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं, पुलिस अधीक्षक द्वारा सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये क्षेत्र मे शांति भंग करने बाले अपराधिक तत्वों एवं अपराधिक गतिविधियों मे संलग्न लोगों, अपराधों मे फरार आरोपियों पर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है, जिसके तारतम्य मे कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना फिजीकल द्वारा अवैध शराब परिवहन करने के अपराध मे फरार आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता हांसिल की है।



दिनांक 21.12.2023 को दौराने क्षेत्र भ्रमण मुखबिर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्वालियर तरफ से एक सफेद रंग की बुलेरो गाडी में अवैध शराब जा रही है । भारतीय विधालय के सामने सर्कुलर रोड पर चैकिंग लगाई गई तभी ग्वालियर वायपास तरफ से एक सफेद रंग की बुलेरो गाडी आती दिखी जिसे हाथ देकर रोका लेकिन उक्त गाडी के चालक ने गाडी को तेजी लहराकर भगा कर ले गया जिसका शासकीय वाहन से पीछा तो उक्त बुलेरो गाडी भूत पुलिया के सामने छत्री की बाउण्ड्री में जा घुसी और उक्त वाहन का चालक गाडी को मौके पर छोड़ कर भागने लगा जिसका पीछा किया तो चालक भागते भागते चालक किसी को फोन पर बोल रहा था कि भौती वाले संजू पंडित जी को फोन लगा कर बता दो कि उनकी गाडी पुलिस ने पकड़ ली है बुलेरो गाडी की तलाशी ली गई तो उसमे 16 पेटी देशी प्लेन शराब भरी हुई पैक थी एवं 195 क्वाटर देशी प्लेन शराब के खुले गाडी में डले थे जिनकी कीमती करीब 1.70,000 रूपये की जो मौके जप्त किये गये थे आरोपीगण के विरूध्द अप.क्र. 316 / 23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द किया गया उक्त प्रकरण का फरार आरोपी धर्मेन्द्र साहू पुत्र संग्राम साहू उम्र 34 साल निवासी फिल्टर रोड करैरा शिवपुरी आज दिनांक 13.03.2024 को भूत पुलिया के पास शिवपुरी गिरफ्तार कर न्यायिक निरोध में भेजा गया है।

सराहनीय भूमिका– उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रजनी सिंह चौहान, सउनि देवेन्द्र शर्मा सउनि बलवीर सिंह कौरव, आर. 68 विजय मीणा, आर. 897 शकील खाँन, आर. 1131 प्रेम सिंह रावत, आर. 235 ब्रजदास धाकड ।

# प्रत्याशी घोषित होने के बाद केंद्रीय मंत्री सिंधिया जी के संसदीय क्षेत्र में लगातार दौरे

### पोहरी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का भूमि पूजन करेंगे

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी- भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गुना शिवपुरी लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद अपने संसदीय क्षेत्र में सिंधिया जी लगातार दौरे करना शुरू कर दिया है साथ ही अलग-अलग समाजो की बैठक कर अपने संसदीय क्षेत्र में अपनी जीत का परचम लहराने के लिए कई नई सौगात भी अपने संसदीय क्षेत्र में देना शुरू कर दिया है आप को बता दे केंद्रीय मंत्री गुरुवार रात शिवपुरी पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। 15 मार्च शुक्रवार सुबह 10 बजे केंद्रीय मंत्री सिंधिया पीएस होटल पहुंचे। यहां चुनावी तैयारियों को लेकर लोकसभा कोर कमेटी और लोकसभा प्रबंधन कमेटी के साथ एक और डेढ़ घंटे की बैठक करेंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री पीएस होटल में कार्यकर्ता और संघठन की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद वह दोपहर चार बजे 23.11 करोड़ की लागत से बनने बाले शिवपुरी- पोहरी रेलवे क्रॉसिंग पर बनने बाले ओवर ब्रिज का भूमि पूजन करेंगे। यहां से केंद्रीय मंत्री पिछोर विधानसभा के लिए रवाना होंगे, जहां वह साढ़े पांच बजे के लगभग पिछोर के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित चुनावी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वह कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद खनियाधाना के लिए रवाना होंगे। जहां वह शाम साढ़े 6 बजे कृषि उपज मंडी में आयोजित चुनावी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री शिवपुरी पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

16 मार्च शनिवार की सुबह 10 बजे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया स्टार गोल्ड होटल में आयोजित राठौर समाज के साथ बैठक लेंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री करीब 12 बजे कोलारस विधानसभा के कोलारस कस्बे के होटल न्यू फूलराज में धाकड़ समाज के साथ बैठक करेंगे। वह लुकवासा पहुंचकर होटल देशी ठाठ में जाटव समाज के साथ बैठक करेंगे। केंद्रीय मंत्री 4 बजे बदरवास के सिल्वर गार्डन में भी आदिवासी समाज के साथ बैठक करेंगे। इस के उपरांत केंद्रीय मंत्री सिंधिया डुंगासरा के महाकाल धाम के लोकल कार्यक्रम में शामिल होने के बाद साढ़े छह बजे के लगभग गुना पहुचेंगे। जहां वह दो अलग-अलग कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद गुना में ही रात्रि विश्राम करेंगे। 17 मार्च रविवार की सुबह 10 बजे केंद्रीय मंत्री गुना में एक घंटे के लोकल कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अशोकनगर के लिए रवाना होंगे। जहां वह अशोकनगर में रविवार की दोपहर कई कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद कार से भोपाल रवाना होंगे। जहां से वह रात में ही फ्लाइट से दिल्ली रवाना हो जाएंगे।



# 10 गांव की 3 दिन से बिजली गुल

हरिओम चतुर्वेदी
पत्रकार

दिनारा। दिनारा क्षेत्र के कई गांव में 3 दिन से बिजली काट दी गई है जिससे ग्रामीण लोग अंधेरे का सामना कर रहे हैं बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है क्योंकि पांचवी कक्षा से लेकर 11वीं कक्षा तक के एग्जाम चल रहे हैं इसके बीच लाइट काटने से बच्चे सही समय पर पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं स्कूल सही समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं क्योंकि सुबह कभी 5:30 बजे तो कभी 6:00 बजे लाइट काट दी जाती है बता दे की 3 दिन से ग्रामीण क्षेत्र में लाइट नहीं आ पा रही है ग्रामीण कहना है की कुछ लोग बिल भरते हैं सही समय पर कुछ लोग रह जाते हैं तो जो लोग बिल नहीं भरते उनके खंबे से कनेक्शन काट दिए जाएं क्योंकि जितने लोग सही समय पर बिल जमा करते हैं तो उनको परेशानी का सामना तो नहीं करना पड़ेगा।

**इनका कहना है**

मार्च का महीना चल रहा है जैसा ही गांव वालों का बिल जमा होता है तुरंत लाइन चालू कर दी जाएग

दीपक सिंह जे ई
दिनारा

# बैंकों की फर्जी आईडी लेकर कालाबाजारी का कार्य किया जा रहा है करेरा

संवादाता हरिओम परिहार
जिला ब्यूरो शिवपुरी

एफआईआर.0164 करेरा में हो रहा है ओटीपी से लेनदेन धोखेबाजी का लेनदेन ऐसा ही प्रकरण एक सामने आया जिसमें पुलिस ने एफआईआर की है पूरा प्रकरण है कि दिनाक 15.02.2024 के दिन आवेदक अमन तिवारी पुत्र मनोज तिवारी उम्र 24 साल ग्राम झंडा थाना क्षेत्र करैरा जिला शिवपुरी का मामला है कि आवेदन पत्र जांच हेतु प्राप्त हुआ था इस दौरान आवेदन की संपूर्ण जांच आरोपी रविंद्र कुशवाहा निवासी सकरार जिला झांसी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और उसके विरुद्ध अपराध पंजीकृत धारा 420 के तहत मामला करेरा थाने में दर्ज कर लिया गया है थाना प्रभारी महोदय के आदेश से पंजीकृत कर विवेचना में लिया विषय आवेदक रविंद्र कुमार की जांच के संबंध में दिनांक 15.02.2024 को प्रार्थी अमन तिवारी पुत्र मनोज तिवारी ग्राम झंडा थाना करैरा जिला शिवपुरी का मूलनिवासी हूं / मेरी वेलोसिटी एप्स पर आईडी बनी हुई हैं जिस पर मेरी ईमेल आईडी .ह्वद्व2ड्डह्द्ब-ह्लह्डस्रद्दह्ह्य73ञ्चद्दद्बद्वद्य.ष्शद्व ब मोबाइल नंबर6267492088 एवम आधार कार्ड नम्बर 3662-0554-0778 से लिंक है दिनक 09.02.2024 को रविंद्र कुमार का व्हाट्सएप कॉल आया उसने कहा कि तुम्हारे नंबर पर एक ओटीपी आएगी तुम मुझे बताना रविंद्र कुमार से में पहले से परिचित था मैंने पूछा कि किस लिए लग रही है तू बोला कि मेरे अकाउंट में मनी ट्रांसफर करना है इसलिए लग रही है फिर मैंने उसको ओटीपी दी तो उसने मेरी एप्स को पूरी तरह से कंट्रोल कर लिया फिर दिनांक 14.02.2024 को मुझे बेलोशिति कंपनी से फोन आया कि आपकी आईडी से रूपों का अधिक लेनदेन हो रहा है कि आप ही लेनदेन कर रहे हो तो मैंने मना कर दिया जब मैं अपने एप्स को चेक किया खुलकर तब पता चला कि रविंद्र कुमार कुशवाहा ने पांच बार मेरे ऐप्स द्वारा ओटीपी लेने के बाद 5 बार ट्रांजैक्शन कर चुका था अज्ञात अकाउंट से 1729999 रविंद्र कुमार ने मेरे ऐप्स द्वारा 5 बार ट्रांजैक्शन अकाउंट में पीएनबी बैंक अकाउंट नंबर3169001500162466, 0316900 मैं ले लिए रविंद्र कुमार ने मेरे ऐप्स द्वारा दूसरे अकाउंट का उपयोग करने 1729999 मंगा कर अपने अकाउंट में पांच बार ट्रांजैक्शन कर मैं थाने में आकर आवेदन दिया तो आवेदक जांच में शुरू कर दी रजिस्टर अकाउंट नंबर की की केवाईसी की डिटेल प्राप्त की गई जो अकाउंट रविंदर कुमार कुशवाहा पुत्र लखन लाल कुशवाहा निवासी झांसी उत्तर प्रदेश के नाम से पाया गया बैंक डिटेल में 17 लाख 29 हज़ार 999 नो सौ रुपए का लेनदेन पाया गया जो आवेदक अमन तिवारी पुत्र मनोज तिवारी उम्र 24 ग्राम झंडा थाना करैरा कंपनी के माध्यम से डिवाइस आईडी लिक बैंक खाता ट्रांजैक्शन डिटेल की जानकारी प्राप्त की गई जिसमें आवेदक एप्स द्वारा ट्रांजैक्शन हुआ है आई डी होना और मोबाइल नंबर रविंद्र कुशवाहा का पंजाब नेशनल बैंक का अकाउंट नंबर3169001500162466 तथा पैन कार्ड नंबर 9260 लिंक पाया गया रविंद्र कुशवाहा झांसी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है अमन तिवारी के ऐप्स की आईडी को अपने मोबाइल में खोलकर अपना पंजाब नेशनल बैंक का खाता जोड़कर आवेदक मर्जी के बिना धोखाधड़ी रूपों का लेनदेन पाया गया पुलिस ने जांच शुरू कर दिया पुलिस की जांच में पाया गया एफआईआर दर्ज धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया और इसमें साफ तौर से पुलिस की लापरवाही नजर आई करेरा में बढ़ रहा है धोखाधड़ी का व्यापार और भी नाम थे की पुलिस ने उन नाम को पर्दा कर लिया जैसे कि कौशल बेस करेरा मुन्ना लोधी जुझाई और योगेश राय बरुआ सागर उत्तर प्रदेश मिथुन और एक झंडा का तोमर भी है और इसमें और एक शशिकांत नाम के कुछ ऐसे व्यक्ति हैं जिन पर पहले से ही 420 के अपराध दर्ज हैं अभी वर्तमान में प्रकरण चल रहे हैं इनका नाम पुलिस जांच में लिए हुए हैं पुलिस कभी भी कर सकती है में इजाफा अभी भी कई नाम ऐसे हैं जिन पर जांच चल रही है अपराधियों का एक ग्रुप है जिस पर पुलिस की कड़ी नजर है जो किसी भी गरीब लोगों के पैसे निकालकर मौज मस्ती कर रहे हैं इन पर जल्द से जल्द कार्रवाई करें करैरा थाना पुलिस को शक है कि 17 लाख के मामले में इस ग्रुप का भी हाथ हो सकता है पुलिस की कड़ी नजर में चल रही है जांच

# सबस्टेण्डर्ड खाद्य पदार्थ विक्रय अथवा निर्माण करने वाले खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

*शिवपुरी- अभिहित अधिकारी एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा मैसर्स हरिओम आईश फैक्ट्री बडौदी इन्डस्ट्रीयल ऐरिया शिवपुरी के इन्चार्ज खाद्य कारोबारकर्ता आनन्द राठौर पुत्र मुन्नालाल राठौर निवासी कमलागंज शिवपुरी के विरूद्ध सबस्टेण्डर्ड खाद्य पदार्थ विक्रय/निर्माण करने के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा-3 (1) (जेडएक्स), 26(2) (II), 51 तथा 57 (1) (I) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। विशेष अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन संजीव कुमार मिश्रा द्वारा बडौदी इंडस्ट्रियल एरिया शिवपुरी के इंचार्ज खाद्य कारोबारकर्ता आनन्द पिता मुन्नालाल राठौर कमलागंज शिवपुरी के हस्ते 05 खाद्य पदार्थ क्रमशः शक्कर बूरा, पनीर खुला, मावा खुला, ग्लूकोस खुला, घी खुला के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिवत लेकर खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये थे। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच प्रतिवेदनों के अनुसार पाँच में से दो नमूने क्रमशः शक्कर बूरा तथा ग्लूकोस मानक स्तर के पाये गये हैं तथा तीन नमूने क्रमशः पनीर, मावा, तथा घी के नमूनों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा-3 (1) (जेडएक्स) के अंतर्गत सबस्टेण्डर्ड घोषित किया गया है।*

## पत्रकार स्वामी के निधन पर देव ने शोक व्यक्त किया



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार पंकज स्वामी के निधन पर गहन शोक व्यक्त कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री देव ने कहा कि एक निर्भीक कलमकार के तौर पर स्व. स्वामी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उनके निधन से उत्पन्न शून्य की भरपाई नहीं होगी। श्री देव ने अपने शोक संदेश में स्व. स्वामी के परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त कर मृतात्मा की चिर शांति की प्रार्थना की है।

# अपर कलेक्टर ने मिलावट के 75 मामलों में लगाया 25.65 लाख जुर्माना

रीवा( पुष्पांजली टुडे )।कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावट के विरूद्ध अभियान लगातार जारी है। दुकानों, प्रतिष्ठानों, डेयरी, मिठाई बनाने के कारखानों तथा खाद्य पदार्थों की बिक्री के विभिन्न स्थलों में खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी जाँच की जा रही है। नमूने अमानक पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विभिन्न फर्मों में कार्यवाही करते हुए ब?ी संख्या में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने मिलावट के इन प्रकरणों में से सुनवाई करके 75 प्रकरणों का निराकरण किया है। इन प्रकरणों में विभिन्न दुकानदारों के विरूद्ध 25 लाख 65 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि की लगातार वसूली की जा रही है। अब तक पाँच लाख 75 हजार रुपए की राशि शासकीय मद में जमा कराई गई है।

## सीएए अधिसूचना जारी कर भाजपा ने एक और वादा पूरा कर यह प्रामाणिक संदेश दिया कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है : देव

**सीएए अधिसूचना जारी किए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने मोदी व शाह के बधाई दी**

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा सोमवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम-2019 (सीएए) को लेकर अधिसूचना जारी करने का स्वागत करते हुए इस ऐतिहासिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई देत् हुए कहा कि इस फैसले के साथ भाजपा की केंद्र सरकार ने अपना एक और वादा पूरा करके यह प्रामाणिक संदेश दिया है कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि इस कानून से किसी नागरिकता नहीं जाएगी, बल्कि भारत के 3 प?ोसी देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्ला देश से धार्मिक आधार पर प्रता?ित होकर भारत आए हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शरणार्थियों, जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में शरण मांगी थी, को भारत की नागरिकता देने का कानून है। श्री देव ने कहा कि भारत का संविधान भी हमें यह अधिकार देता है कि मानवतावादी दृष्टिकोण से धार्मिक शरणार्थियों को मूलबूत अधिकार मिले और ऐसे शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान की जा सके। इसी संवैधानिक भावना के अनुरूप भाजपा ने अपने इस वादे को पूरा किया है।

# हमारे संगठन की ताकत ही है, एक सामान्य कार्यकर्ता आज मुख्यमंत्री हैः यादव

रायपुर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां मोहन यादव जैसा सामान्य कार्यकर्ता मध्यप्रदेश जैसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनाया जाता है और यदि इससे भी बड़ा उदाहरण देखना है तो नरेंद्र मोदी से बड़ा उदाहरण और क्या होगा जहां एक चाय वाला विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मुखिया प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित होता है और ना सिर्फ प्रधानमंत्री बनता है अपितु प्रधानमंत्री के रूप में भारत के गौरव को विश्व में सर्वोच्च स्थान दिलाने में अपना सर्वस्व लगा देता है। श्री यादव मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय के सभागार में रायपुर लोकसभा की कोर कमेटी और प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकसभा कोर कमेटी सदस्यों के साथ की बैठक

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि हम सभी का समर्पण मां भारती के गौरव निर्माण के लिए है, इसे विश्वगुरु बनाने के लिए है। हम सभी के दायित्व भिन्न हो सकते हैं परंतु लक्ष्य सभी का एक ही है। हम सभी को मिलकर छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा और मध्यप्रदेश से 29 की 29 सीटों से लोकसभा सांसद बनाकर दिल्ली भेजना हमारी जिम्मेदारी है और इस लक्ष्य को हासिल करने हम सभी को पार्टी द्वारा प्राप्त दायित्वों का पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करना होगा।



श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के पूर्व से ही उनका छत्तीसगढ़ से नाता रहा है। पहले भी छत्तीसगढ़ आना-जाना रहा है और आगे भी हमारे संबंध इसी तरह प्रगाढ़ बने रहेंगे। इससे पूर्व प्रदेश के शिक्षा मंत्री और रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि निश्चित ही मुख्यमंत्री श्री यादव के निर्देशों और सुझावों का हम पूर्णरूपेण पालन करेंगे। श्री अग्रवाल ने कोर कमेटी सदस्यों की तरफ से श्री यादव को आश्वस्त किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में हम सभी मिलकर भव्य और ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ का योगदान सभी 11 सीटों का, मतलब शत-प्रतिशत होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री यादव का एकात्म परिसर पहुँचने पर प्रदेश के मंत्री श्री अग्रवाल, लोकसभा क्लस्टर प्रभारी क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत, जिला अध्यक्ष जयंती पटेल सहित विधायकों और जिला पदाधिकारियों ने स्वागत किया। रोयपुर लोकसभा कोर कमेटी की बैठक में संबोधन से पहले मुख्यमंत्री श्री यादव ने सभी विधायकों व प्रमुख पदाधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा की तथा विभिन्न विषयों पर प्रश्नोत्तरी एवं संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने क्लस्टर प्रभारी श्री मूणत से लोकसभा चुनाव संबंधी जानकारियां एकत्रित की। श्री मूणत और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने चुनाव संबंधी विभिन्न जानकारियों का पूर्ण विवरण मुख्यमंत्री श्री यादव को दिया। मंच संचालन लोकसभा सहप्रभारी अशोक बजाज ने किया और आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री रमेश सिंह ठाकुर ने किया। बैठक में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय श्रीवास्तव, सांसद सुनील सोनी, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू, गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, अशोक बजाज, किशोर महानंद, जयंती पटेल, श्याम नारंग, डॉ. सनम जांगडे, सत्यम दुवा, सहित रायपुर लोकसभा के सभी कोर कमेटी सदस्य और वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# कैंप्स वाले एक्टर्स को दी जाती हैं बड़ी फिल्में



तापसी पन्नू हमेशा से ही इंडस्ट्री में चल रहे कैंप कल्चर, आउटसाइडर्स डिबेट और नेपोटिज्म पर अपने विचार खुलकर रखती आई हैं। हाल ही में तापसी ने जूम को दिए एक इंटरव्यू में बताया है कि उन्हें बड़ी फिल्मों में सिर्फ इसलिए जगह नहीं मिलती, क्योंकि वो किसी कैंप का हिस्सा नहीं हैं। उनका कहना है कि देर रात होने वाली पार्टीज में जाने से उन कैंप में जगह मिल सकती है, लेकिन वो ऐसी किसी पार्टी का हिस्सा बनना पसंद नहीं करती हैं। तापसी ने कहा है, यहां कई बॉलीवुड कैंप हैं। नेपोटिज्म, जिस पर हम बात करते हैं, वहीं प्रॉब्लम है कि लोगों को आसानी से उन कैंप्स में जगह नहीं मिलती। अगर कोई बड़ी बजट फिल्म बन रही है, तो मुझे यकीन है कि कोई मेरी बेइज्जती कर ये नहीं कहेगा कि मैं उस रोल के लिए फिट नहीं हूं, लेकिन हां मुझे उस फिल्म में हिस्सा नहीं दिया जाएगा, क्योंकि मेरे नाम को वहां तक पहुंचने नहीं दिया जाएगा और कैंप के लोगों के नाम का सुझाव दिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा, कड़वी सच्चाई यही है कि बड़ी फिल्में एक्सेस मिलने से ही मिलती हैं और मेरे पास उस जगह तक पहुंचने का एक्सेस नहीं है। फिल्मी पार्टीज ही एकमात्र जरिया है, जिससे उन कैंप का हिस्सा बना जा सकता है। आप उन लोगों के साथ सोशल होते हैं, फिर उनसे दोस्ती होती है और फिर वो आपको काम देते हैं। ये ठीक है, लेकिन ऐसा करने के लिए आपको 10 बजे के बाद होने वाली पार्टीज में जाना होता है, लेकिन मेरे लिए ये बहुत थका देने वाली प्रोसेस है। मैं ऐसा नहीं कर सकती। मैं ये करने की बजाए, ज्यादा मेहनत और अच्छा काम करके फिल्में हासिल करती हूं। बताते चलें कि थप्पड़, पिंक, हसीना दिलरुबा जैसी बेहतरीन फिल्मों के बाद अब जल्द ही तापसी, 3 फिल्मों में नजर आने वाली हैं। उनकी पहली फिल्म हसीना दिलरुबा की सीक्वल फिल्म फिर आई हसीना दिलरुबा है। इसके बाद वो प्रतीक गांधी के साथ वो लड़की है कहां और खेल-खेल में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार और वाणी कपूर अहम किरदारों में हैं।



# अरबाज के साथ तलाक पर पहली बार मलाइका ने तोड़ी चुप्पी

**बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ दोनों के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं। अरबाज खान से शादी के 19 साल बाद उन्होंने तलाक ले लिया था। दोनों के बीच बेशुमार प्यार होने के बाद भी दोनों की राहें अलग हो गई थीं। मलाइका फिलहाल अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं।**

हाल ही में अभिनेत्री ने फिर से घर बसाने के बार में खुलकर बात की है। साथ ही बताया कि उन्होंने इस तरह की धारणा को कैसे पीछे छोड़ दिया। मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में एक बातचीत में 25 साल की उम्र में अरबाज खान से शादी करने के पीछे का कारण बताते हुए कहा, भले ही अपने परिवार से मुझे किसी तरह के दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। मगर, ऐसा नहीं है कि मैं ऐसे बैकग्राउंड में बड़ी हुई हूं कि मेरे परिवार वाले मुझसे कहें कि तुम्हें इस उम्र में शादी करनी होगी। मुझे अपना जीवन जीने और अच्छे लोगों से दोस्ती करने को कहा गया। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं पता कि मेरे दिमाग में क्या आया। मैंने कहा कि 22-23 साल तक मैं शादी करना चाहती हूं। किसी ने मुझ पर कोई दबाव नहीं डाला था, लेकिन मुझे अभी यही करने की जरूरत थी, क्योंकि उस समय मेरे पास यही सबसे अच्छा विकल्प था। अभिनेत्री ने बताया कि शादी के कई साल बाद उन्हें ये एहसास हुआ कि यह वह नहीं है, जो वह चाहती थीं। अरबाज से अलग होने के उनके फैसले के लिए उनसे कई सवाल किए गए। साथ ही उनका मजाक भी बनाया गया। अभिनेत्री ने कहा, जब मैंने तलाक लेने का फैसला किया, तो मुझे नहीं लगता कि इंडस्ट्री में बहुत सारी महिलाएं ऐसी थीं, जो तलाक लेकर आगे बढ़ रही थीं। मुझे लगा मेरे लिए, मेरे करियर के लिए, मेरी पसंद के लिए और अगर मुझे अपने बच्चे को खुश रखना है, तो मुझे अंदर से ठीक महसूस करना होगा। तलाक को हर कोई एक अलग नजरिये से देखता है।



# आउटसाइडर को सपोर्ट करने की बात लोग सिर्फ कहते हैं, करते नहीं

**विद्युत जामवाल अपनी हर फिल्म के साथ एक्शन की डोज को बढ़ाते जा रहे हैं। वह हमेशा ऊपरवाले के प्लान पर भरोसा करते हैं और किसी भी काम को मुश्किल नहीं मानते। जिंदगी को जिंदादिली के साथ जीने वाले दुनिया के टॉप मार्शल आर्टिस्ट में शुमार एक्टर का कहना है कि आउटसाइडर का सपोर्ट बहुत कम लोग करते हैं। इन दिनों वह अपनी फिल्म क्रैक जीतेगा तो जिएगा को लेकर चर्चा में हैं।**

### वजन घटाने-बढ़ाने का मेरा कोई सीन नहीं रहा

विद्युत जामवाल जब एक्शन सीक्वेंस के लिए शूटिंग पर जाते हैं तो उनकी मां पूजा-पाठ शुरू कर देती हैं। ऐसे में फिल्म देखने पर उनकी क्या प्रतिक्रिया रहती है। इस पर अभिनेता कहते हैं कि मां कहती हैं कि बस अब हो गया। तुमको जो करना था कर लिया, अब कुछ और करो। हम दोनों एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं। उनकी डांट भी मुझे मीठी लगती है क्योंकि उसमें मेरी फिक्र छुपी होती है। फिल्म के लिए वजन घटाने-बढ़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरा कभी ऐसा कोई सीन नहीं रहा। मेरे अपोजिट विलेन की भूमिका में अर्जुन रामपाल हैं, यह फैसला मेरा था क्योंकि मैं अपने बराबर की टक्कर का एक्टर चाहता था, जो समय बिताने और मेहनत करने के लिए तैयार हो। अर्जुन ने इस फिल्म में अपना सौ फीसदी दिया है। हम दोनों बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। होता क्या है कि जब आप एक्शन फिल्में करते हैं तो हीरो और विलेन के बीच इतनी गुत्थम-गुत्थी होती है कि वो असल में जिगरी दोस्त बन जाते हैं। मैं अपने साथ काम करने वाले हर शख्स को खुद को साबित करने का पूरा मौका देता हूं और जब आप मेहनत करते हैं तो वो आपके काम में भी नजर आ जाता है।

### ऊपरवाले के प्लान पर विश्वास है

लोग बोलते हैं कि हमें आउटसाइडर का सपोर्ट करना चाहिए। यह भारत का रियल टैलंट है। लेकिन ऐसा सिर्फ लोग बोलते ही हैं, करते बहुत कम लोग हैं। अगर सब सोचने लगे तो फिर तस्वीर ही बदल जाए। जहां तक मेरे काम के बारे में है तो मैं अपने काम को लेकर बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मेरा मानना है कि ऊपरवाला हमारे लिए बहुत कुछ प्लान करता है और मैं उन्हीं पर विश्वास करता हूं। बाकी, अभी निर्देशन का और स्क्रिप्ट राइटिंग का मेरा कोई इरादा नहीं है। मुझे एक्शन और ऐक्टिंग करके मजा आ रहा है।

### फिल्मों में चोट लगना लाजिमी है

फिल्म में मैं सिद्धार्थ दीक्षित उर्फ सिद्धू का किरदार निभा रहा हूं। इसमें सभी स्टंट मैंने खुद से ही किए हैं। जब मैं सेट पर मौजूद हूं तो किसी और को स्टंट करने की क्या जरूरत है। इस तरह का सीक्वेंस शूट करने के दौरान काफी रिस्क रहता है लेकिन मजा भी बहुत आता है।



# दीपिका को अपनी प्रेरणा मानती हैं आलिया



आलिया भट्ट इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। आलिया अपनी फिल्मों के चलते अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। आलिया ने हाल ही में बताया कि वह ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण को अपनी प्रेरणा मानती हैं। फोर्ब्स के कार्यक्रम में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि वह उन तीनों की दिल से प्रशंसा करती हैं। इसके अलावा उन्होंने फिल्मों के बारे में बात करते हुए कहा कि इसकी कहानियां सबसे आगे होनी चाहिए न कि व्यक्ति की लोकप्रियता। आलिया ने कहा, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों ने काफी अच्छा किया है। इसके चलते वे मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण ये ऐसे कलाकार हैं, जो मेरी दोस्त भी हैं। साथ ही मैं इनकी पूरे दिल से प्रशंसा करती हूं। इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से मेरा मार्गदर्शन किया है। उन्होंने आगे कहा, मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां परिवर्तन समय की मांग है, जहां आप दुनिया के कई हिस्सों से अलग-अलग चेहरों को अलग-अलग लहजे में बोलते हुए देखना चाहते हैं। फिल्मों पर बात करते हुए आलिया ने कहा, कहानी वह है जो सबसे आगे होनी चाहिए। न कि आप कहां से आते हैं, आप कौन हैं, आप किस लहजे में बोलते हैं। गौरतलब है कि पिछले साल कॉफी विद करण सीजन 8 के एक एपिसोड में करण जौहर ने करीना कपूर खान से पूछा था कि क्या उन्हें लगता है कि दीपिका पादुकोण उनकी प्रतिस्पर्धी हैं। उन्होंने कहा था कि ये सवाल आलिया पर लागू होता है। वहीं, जब करण ने आलिया से ये सवाल किया तो उन्होंने कहा था, प्लीज, बिल्कुल नहीं। वह क्यों होगी? वह मेरी सीनियर हैं। कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हैं।

# नितेश तिवारी की रामायण में हरमन बावेजा बनेंगे विभीषण, विजय सेतुपति की छुट्टी



नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली आगामी फिल्म रामायण बीते लंबे समय से सुर्खियों में है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में रणबीर, साई पल्लवी और यश क्रमशः राम, सीता और रावण की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। ऐसी अटकलें थीं कि रावण के छोटे भाई विभीषण की भूमिका निभाने के लिए साउथ अभिनेता विजय सेतुपति को अप्रोच किया गया है। हालांकि, अब इस किरदार को लेकर आया नया रिपोर्ट फैंस का उत्साह बढ़ाने वाला है। पहले रिपोर्ट्स थीं कि विजय सेतुपति फिल्म रामायण में विभीषण की भूमिका में नजर आ सकते हैं। खबर के अनुसार, नितेश और विजय के बीच चर्चा चल रही थी, जिसमें विजय के रावण के भाई विभीषण का किरदार निभाने का अनुमान लगाया जा रहा था। हालांकि, अब विभीषण के किरदार के लिए किसी अन्य अभिनेता का नाम सामने आ रहा है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। एक नई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हरमन बावेजा नितेश तिवारी की रामायण में विभीषण की भूमिका निभा सकते हैं। हरमन बावेजा ने हंसल मेहता के शो स्कूप से वापसी की है, जिसमें उन्होंने जेसीपी हर्षवर्द्धन श्रॉफ की भूमिका निभाई थी। ऐसा लगता है कि हरमन बावेजा को लंका के राजा रावण के छोटे भाई विभीषण, साथ ही कुंभकर्ण और शूर्पणखा के भाई के किरदार में ढलते देखना इंतजार के लायक है। हालांकि, अब तक इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।



# शुरू में जो फिल्में देखता, उन किरदारों को जीता और उनके जैसे व्यवहार करता था

**पिछले दिनों फेमस पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बतौर ऐक्टर डेब्यू किया। वह फिल्म कुछ खट्टा हो जाए में नजर आए। इस फिल्म में उनके अपोजिट महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर नजर आईं। इसने बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कलेक्शन किया है। लोगों को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।दिल्ली आए गुरु रंधावा और सई मांजरेकर ने हमसे खास बात की। इस दौरान उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की है। उन दिनों को भी याद किया, जब वह इतने पॉप्युलर नहीं थे।**

**आपकी आवाज के सब कायल हैं। अब आप ऐक्टिंग में भी डेब्यू कर चुके हैं। लेकिन अगर आपकी एजुकेशन की बात करें तो पढ़ाई के मामले में आप कैसे थे, क्या कभी स्कूल से आपके घर कोई शिकायत भी आती थी?**

मैंने बहुत पढ़ाई की है, मैं बहुत समझदार बच्चा रहा हूं। मैं अपनी पूरी जिंदगी ये ही सोच कर निकाली है कि मुझे अपने परिवार की लाइफ कैसे चेंज करनी है। जो भी मुझे पर वो खर्चा कर रहे हैं, उसे खुद पर कैसे सही तरह से प्रयोग करना है। मेरी आजतक घर पर कोई शिकायत नहीं गई है। मैंने लाइफ में कभी कोई खराब काम नहीं किया है। आमतौर पर कहा जाता है कि एक बच्चे में एक उम्र के बाद बदलाव आ जाता है, लेकिन मैं 14-15 साल की उम्र से पैसा कमाने और अपने परिवार की लाइफ के बारे में सोचता रहता था। कहते हैं कि एक व्यक्ति परिवार और पूरी जनरेशन को बदल कर रख देता है, तो मैंने सोचा मैं क्यों ना वो इंसान बनूं, ताकि आज की जनरेशन और आने वाली जनरेशन गर्व महसूस करे।

**आपकी ग्लैमर वाली लाइफ को देखकर हर कोई उससे प्रेरित होता है। लेकिन जब आप कुछ भी नहीं थे, तब किसी बड़े शहर मैं जाने पर आप क्या सोचते थे?**

हम उस दौर में बस में जाते थे और उसके आगे ऑटो कर लेते थे, लेकिन जब मैं दिल्ली और अमृतसर जैसे बड़े शहर जाता था, तो मैं सोचता था कि जिन लोगों के पास गाड़ियां हैं और बिजनेस है, तब मुझे लगता था कि इनके पास इतना पैसा कैसे आया होगा। मैं सोचता था कि ऐसा कैसे हो सकता है कि हम सब एक जगह पर रहते हैं, 20 किलो के फासले पर एक अलग दुनिया है। फ्लाइट पकड़कर आप 1 घंटे सफर करो तो एक और अलग दुनिया है। वो सब भी इंसान हैं और मैं भी इंसान हूं तो ये कैसे मुमकिन है? उन लोगों ने भी कुछ सोचा होगा, उनके यहां भी किसी ने ये बदलाव लाए होंगे, कोई उठते ही अमीर नहीं हो जाता है। कोई तो होगा जिनसे आने वाली पूरी जनरेशन बदल दी। और फिर मैंने जो फिल्में भी देखी हैं, वो इसी से रिलेटिड रही हैं। मैं उन फिल्मों के किरदारों को जीता था, उनके जैसे व्यवहार करता था। तो मुझ में हमेशा ही ये रहा है कि कैसे जिंदगी को बदलना है। मैंने जिंदगी में शैतानी कम की है, मेहनत ज्यादा की है। आज भी मैं 24 घंटे मेहनत कर सकता हूं। बाहर से लगता है कि जिंदगी बहुत आसान है, लेकिन मैं 365 दिन और 18 से 19 घंटे काम करता हूं। मैं ये नहीं सोचता कि रात के 9, 10 बज गए हैं तो अब मुझे सोना है। मेरा जब मन करे मैं सो कर उठ भी जाता हूं।

**आपने फिल्म कुछ खट्टा हो जाए में जो किरदार निभाया है वो लड़की यूपीएससी की परीक्षा देना चाहती है। ये काफी मुश्किल एग्जाम माना जाता है। लेकिन अगर आपकी पढ़ाई की बात करें तो उसमें आप कैसी थीं और परिवार में आपकी शिक्षा को लेकर क्या कुछ कहा जाता था?**

एक दो बार मुझे भी मार पड़ी है। मुझे हर बार तो मार नहीं पड़ती थी लेकिन डांट बहुत खाती थी। लेकिन मेरा ऐसा कुछ ऐसा था कि ना पढ़कर भी ग्रेड आ जाते थे। पता नहीं कैसे आ जाते थे। तो 5वीं तक मुझे मम्मी से काफी डांट पड़ती थी। पापा कुछ नहीं कहते थे। करना है करो, नहीं करना है तो मत करो, उनका कुछ ऐसा था। तब मम्मी कहती थीं पापा कि इस लड़की को कुछ पढ़ने के लिए बोलो। तब पापा मम्मी को दिखाने के लिए मुझ पर चिल्ला देते थे। क्योंकि मम्मी का बैकग्राउंड काफी पढ़ा-लिखा है, तो इसलिए वो भी मुझे पढ़ाई के लिए बोलती रहती थीं। मगर मुझे मार्क्स आ जाते थे।

# मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की मासिक इंगित काव्य गोष्ठी हुई सम्पन्न






**महेन्द्र शर्मा उप सम्पादक पुष्पांजलि टुडे**
ग्वालियर । मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा , दौलत गंज लश्कर, ग्वालियर की मासिक ÷इंगित काव्यगोष्ठी÷ गत दिवस सभा भवन दौलत गंज, लश्कर , ग्वालियर मे आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नवगीतकार बृजेश चन्द्र श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ गीतकार धीरेंद्र सिंह गहलोत धीर ,डबरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील त्रिपाठी निराला, भिंड मंचासीन रहे। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना कवियत्री पुष्पा मिश्रा ÷आनंद ÷के द्वारा प्रस्तुत की गई तत्पश्चात् सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक रामचरण ÷रुचिर÷ ने किया। काव्यपाठ के क्रम में विभिन्न कवि एवं कवियत्रियों द्वारा अपनी-अपनी श्रेष्ठ रचनाएं प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में प्रस्तुत रचनाओं के काव्यांश इस प्रकार रहे।कार्यक्रम का संचालन कर रहे राम चरण÷ रुचिर ÷ने सबसे पहले काव्यपाठ हेतु अशोक शिरढोणकर को आमंत्रित किया। उन्होंने काव्यपाठ करते हुए कहा कान्हा मुझसे खेलो होली, रंग लगाओ खेलो होली।अगले क्रम में जगमोहन श्रीवास्तव ने कहा ,

÷आंखों की किरकिरी बन गई सबको बहुत खटकती मां। केवल दो रोटी की खातिर दर-दर बहुत भटकती मां।अगले क्रम में अनिल राही ने काव्य पाठ करते हुए कहा, आत्मबल साहस से इच्छा शक्ति प्रबल बनाएं।और विपरीत हालात में भी उम्मीद का दिया जलाएं।÷

कार्यक्रम संयोजक रामचरण ÷रुचिर÷ ने कहा,
होरी के हुड़दंग में बूढ़े बारे संग।
घटी उम्र की दूरियां ऐसी चढ़ी उमंग।÷

और (गीत)भावनाएं मौन हैं,पर भाव अभी जिंदा हैं।
नीड़ में बेचैन हुए बेवस परिंदा हैं।।मुख्य अतिथि धीरेंद्र गहलोत धीर ने बहुत ही सुंदर काव्य पाठ करते हुए कहा,अपने भारत की संस्कृति को हमें बचाना है,
सुनो देश की थाती ये अनमोल खजाना है।अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ नवगीतकार बृजेश चंद्र श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में प्रस्तुत सभी रचनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा ,यह काव्य परंपरा हिन्दी साहित्य सभा में जगन्नाथ प्रसाद मिलिंद से लेकर आज भी अपने विशिष्ट आयाम पर निरंतर अग्रसर है।

उन्होंने गीत प्रस्तुत करते हुए कहा, ÷आ जाओ -आ जाओ ,सावन बादल पानी और फुहार।÷

गीत को सभी ने बहुत सराहा। इसी प्रकार काव्यपाठ के अपने क्रम में अमर सिंह यादव ने कहा,
सत्य से बड़ी कोई शक्ति नहीं होती, किंतु जग में मां से बड़ी कोई भक्ति नहीं होती।

इसी प्रकार राम लाल साहू ÷बेकस÷ ने बेटियों पर सुंदर रचना प्रस्तुत करते हुए कहा,
है ख्वाहिश बढ़ें आगे हमारी बेटियां।फासला रक्खें बुराई से ये प्यारी बेटियां।÷

तत्पश्चात् रवि प्रकाश ÷कामिल÷ ने कहा,÷ खेलना अच्छा नहीं लगता खिलौनों से उन्हें । बाल बच्चे उम्र से पहले सयाने हो गये।कवि दिनेश विकल ने अपनी बानगी प्रस्तुत करते हुए कहा ̇तुम यूं मिलोगे यह कभी सोचा न था। हम सफर बन कर रहोगे ये कभी सोचा न था।÷

इसी प्रकार अशोक बित्थरिया ने काव्य पाठ करते हुए कहा,÷
÷ दर-दर भटकता ढूंढता मैं प्यार को बाजार में ।प्यार मिलता तक नहीं मुझे किसी उपहार में।÷
दिलीप मिश्रा ने बसंत ऋतु पर काव्यपाठ करते हुए कहा,
÷बसंत की आग फागुन में एकांगी जीवन। पहाड़ सा लगे यह जीवन।
सूने पड़े हैं बागों में बसंत,
लो फिर आ गया बसंत।÷

पुष्पा शर्मा ने नारी की महत्ता पर बुंदेली गीत प्रस्तुत करते हुए कहा ,
÷बिना नारी के सूनी जा दुनिया,
सुनो मोरी बहिना सुनो मोरे भईया।

कवियत्री पुष्पा मिश्रा ÷आनंद÷ ने कहा ,
÷पांच तत्वों से बनी है मां भावनाओं की एक नदी है?। संसार में अवतरित ये ईश्वर की अनुपम कृति है।÷ इसी क्रम में आरती अक्षतने कहा, ÷मेरी मां की दुआएं तो हमेशा साथ रहती हैं। मुझे कुछ भी नहीं होगा यही दिन रात कहती हैं। श्रृंगार गीत पढ़ते हुए डॉ. कमला शंकर मिश्र ने कहा,
÷ दिन पुराने फिर आ गये लौटकर ,चांदनी रौशनी में नहाने लगी।÷

रेखा दीक्षित ने काव्यपाठ करते हुए कहा,÷ कमजोर न समझो मैं हूं भारत की नारी । प्यार है तो फूल समझो वरना मैं हूं चिंगारी। इसी प्रकार रमेश निर्झर ने काव्यपाठ किया एवं विशिष्ट अतिथि सुनील त्रिपाठी÷ निराला÷ ने हास्य गीत ÷ नैचें खटिया ऊपर गद्दा बारे दद्दा ÷ प्रस्तुत करते हुए खूब वाहवाही लूटी।कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ साहित्यकार दिलीप मिश्रा ने किया। कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं अविस्मरणीय रहा।




# विप्र सेवा फाउंडेशन ने कराया नि :शुल्क मेडिकल कैम्प

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को पूर्ण करने के लिए विप्र सेवा फाउंडेशन के चेयरमैंन राजीव शुक्ला आयोजन मे ग्राम खड्डा मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मा.उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला जी के पहल और मार्गदर्शन मे आयोजित किया गया जिसमे 300 लोग का पंजीयन हुआ दोपहर 1-4 बजे तक 110 लोगो का थायराइड,शुगर,कोलेस्ट्रॉल, सी . बी.सी,विटामिन डी, लिवर, किडनी व अन्य रक्त जांचो के लिये ब्लड सेंपल लिया गया दो दिन मे रिपोर्ट आने के उपरांत बीमारी का पता लगने पर परामर्श की समुचित उपचार की व्यवस्था कराई जायेगी स्वास्थ्य जाँच शिविर में 300 लोगो का पंजीयन हुआ वर्तमान परिस्थिति में हार्ट, किडनी और लिवर की बीमारियों में बहुत इ?ा?ा हुआ है और इस प्रकार के हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप से ब?ी बीमारियों का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाया जा सकता है और सही समय पर उपचार किया जा सकता है मेडिकल कैम्प मे महिलाओ मे काफी उत्साह देखा गया जनमानस की सेवा के लिए विप्र सेवा संघ पिछ्ले 7 बर्षो से शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्धन कन्याओं का विवाह, पर्यावरण, दिव्यांगजन, निशुल्क कोचिंग धर्मशाला निर्माण, पार्क निर्माण, नशामुक्ति,स्किल डेवलपमेंट सहित अन्य कई छेत्रो मे कार्य कर रहा है श्री राजीव शुक्ला ने बताया इस तरह के कैप भबिष्य मे लगते रहेंगे. इस अवसर पर खड्डा सरपंच श्री मती चंपा शुक्ला, बेटालाल शुक्ला, अरुणा आंचल शुक्ला, सचिव व गणमान्य जन उपस्थित रहे.



# श्री आईमाता भूमि दर्शन एवं सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



**सूरत ।** श्री क्षत्रिय सीरवी समाज(गोडवाड) सुरत, संस्था की ओर से श्री आईमाता मन्दिर के लिए कराडवा गांव में नई भूमि खरीदी गई, और खरीदी गई जगह पर ही श्री आईमाता भूमि दर्शन और सम्मान समारोह 12/3/24 को आयोजित किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में मां के भक्तो ने भाग लिया, सबसे पहले महिला मण्डल ने आईमाता के भजनो से कार्यक्रम की शुरुआत की गई, फिर सोंग के फागण पर सब भक्त झूमने को मजबूर हुऐ, मंदिर के पांडाल में भी डांडिया द्वारा पुरूष और महिलाओं की गोम गैर से सभी भक्त भाव विभोर हुऐ, फिर गौधुली वेला में गुरुदेव भंवरा महाराज का गाजो बाजो के साथ भव्य बंधावा किया गया। इस अवसर पर शाम को पर्वतपाटिया कमेटी, कतारगाम कमेटी और नवसारी कमेटी के मेंबर्स का समाज की ओर से स्वागत किया गया, और पर्वत पाटिया कमेटी के अध्यक्ष साहेब और कतारगाम कमेटी के अध्यक्ष साहेब ने जाजम को संबोधित भी किया व शुभकामनाएं प्रदान की। शाम की भजन भक्ति में अपने सीरवी समाज के उभरते भजन गायक प्रकाश सीरवी, लाखाराम प्रजापत एंड पार्टी ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी, शाम की भजन भक्ति में ही भूमि दानदाता के भामाशाहो का साफा और माला द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाम को माताजी की प्रसादी भी रखी गई थीं।

# दतिया केन-बेतवा व पार्वती-कालीसिंध- चम्बल लिंक परियोजना के अंतर्गत चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली आयोजित किया गया

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
जल संरक्षण से उन्नति कर वैश्विक स्तर पर बनेगी पहचान- यू एन मिश्रा डीईओहमें जल का समुचित उपयोग करना और कराना है- मोहित जैन कार्यपालन अधिकारी जल संसाधनजीवनदायी नदियों की लिंक परियोजना से समृद्ध मध्यप्रदेश, समृद्ध भर्तकरने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव व प्रदेश सरकार की महती केन-बेतवा लिंक परियोजना व पार्वती-कालीसिंध- चम्बल लिंक परियोजना जन चेतना अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद के निर्देशन में नवांकुर संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली एवं जल संवाद का 08 ग्रामों में आयोजन किया गया।आयोजित चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली एवं जल संवाद में ग्राम डाँग करैरा में मुख्य अतिथि श्री उदित नारायण मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने माननीय मुख्यमंत्री जी के अनूठे प्रयास की सराहना की एवं ग्राम पलोथर में मुख्य अतिथि श्री मोहित जैन कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग दतिया रहे। श्री जैन ने केन बेतवा लिंक परियोजना से लाभान्वित होने वाले क्षेत्र की व्यापक जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्री आरसी शर्मा एसडीओ जल



संसाधन विभाग रहे। उपयंत्री जल संसाधन विभाग सौरभ पांडेय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी द्वारा अनूठी नदी लिंक परियोजना की सराहना करते हुए आव्हान किया कि हम पानी बचा सकते हैं लेकिन बचा नहीं सकते। हमें जल का समुचित सदुपयोग करना है व दूसरों को प्रेरित करने हेतु आव्हान किया।कलेक्टर महोदय के निर्देशन में निर्धारित कार्ययोजना अनुसार आदिशक्ति युवा मंडल सरसई, विवेकानंद युवा मंडल दुर्गापुर, स्वदेश ग्रामोत्थान समिति व राजघाट बुंदेलखंड संस्कृत संस्कृति प्रसार सेवा समिति नवांकुर संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली एवं जल संवाद का आयोजन श्री मुनेन्द्र शेजवार जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद के नेतृत्व में ग्राम डांग करैरा, पलोथर, नौनेर, सलैया पमार आदि चयनित ग्रामों में किया गया। प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को मैडल आदि से पुरस्कृत किया गया।जल संरक्षण हेतु जल गीत, चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली एवं जल संवाद में प्रमुख रूप से सरपंचगण, सचिव, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के शिक्षकगण के साथ ही सांस्कृतिक दल स्कूली छात्र-छात्राओं आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।आयोजक दल में आदिशक्ति युवा मंडल सरसई से सुबोध शर्मा, अनिल गोस्वामी, विवेकानंद युवा मंडल दुर्गापुर संजय रावत, आनंद दाँगी, स्वदेश ग्रामोत्थान समिति रामजीशरण राय, बलवीर पाँचाल व राजघाट बुंदेलखंड संस्कृत संस्कृति प्रसार सेवा समिति से देवेंद्र सिंह कुशवाह, अतुल चतुर्वेदी आदि नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि सम्मिलित रहे। उक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता

# प्रधानमंत्री ने सूरज पोर्टल किया लांच - वंचितों और गरीबों को मिलेगा लाभ

रीवा(पुष्पांजली टुडे )।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने **प्रधानमंत्री सूरज पोर्टल** को लांच किया। इस पोर्टल के माध्यम से दलित पिछड़े तथा वंचित वर्ग के हितग्राहियों को ऑनलाइन आवेदन करने पर विकास योजनाओं का सीधे लाभ मिलेगा। पोर्टल में विभिन्न विभागों की योजनाओं को शामिल किया गया है। इस पोर्टल से सभी सफाई कर्मियों को भी विकास योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरज पोर्टल वंचित वर्ग को विकास के नए अवसर देगा। इसमें सीधे आवेदन करके योजनाओं का लाभ दिया जा सकेगा। इसके साथ ही सीवर लाइन तथा सेप्टिक टैंक की सफाई करने वालों को पाँच लाख रुपए तक की सहायता भी मिलेगी। जब गरीब और वंचित को विकास योजनाओं का लाभ मिलता है तब मुझे संतोष होता है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 तक देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के हर वर्ग का विकास होना आवश्यक है। अब तक विकास में असमानता की जो दीवार थी उसे पिछ्ले 10 वर्षों में हमने गिरा दिया है। अब संपन्न वर्ग की ही तरह गरीब और वंचित वर्ग को भी शौचालय, पक्के आवास, गैस कनेक्शन तथा बैंक खाते जैसी सुविधा मिल रही हैं। देश में 80 करो? गरीब सुशासन का लाभ उठाकर निश्शुल्क अनाज प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से चार करो? परिवारों को पक्का आवास तथा देश भर में 12 करो? परिवारों को स्वच्छता मिशन से स्वच्छ शौचालय की सुविधा मिली है। बाबा साहब अम्बेडकर से जु? पंचतीर्थो का विकास हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंदौर सहित हिम्मत नगर, गुंटूर तथा देश के अन्य शहरों से विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद किया। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अन्य अधिकारीगण तथा ब?ी संख्या में हितग्राही शामिल हुए। हितग्राहियों को सामाजिक न्याय विभाग, अनुसूचित जाति



जनजाति कल्याण विभाग, अन्त्यावसायी सहकारी समिति, नगरीय विकास विभाग, पिछ?ावर्ग कल्याण विभाग तथा बैंकों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478